अध्यक्ष एवं 15 पार्षदों का जीत करें सुनिश्चित -भूलन सिंह मरावी

नगरीय निकाय को लेकर विधायक ने ली भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूलन सिंह मरावी ने विश्रामपुर की सरस्वती शिशु मंदिर में नगर पंचायत बिश्रामपुर के कार्यकर्ताओं की बैठक ली और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आप सब एक जुटता का परिचय देते हुए नगर पंचायत विश्रामपुर के सभी 15 वार्ड पार्षदों एवं अध्यक्ष को जीत करें सुनिश्चित

विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि देश में विश्व के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, प्रदेश में तेजस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्धभारतीय जनता पार्टी की पताका फ्हरा रहे है अब त्रिस्तरीय नगरीय निकाय का चुनाव सर पर है जिसे कार्यकर्ता संकल्पित होकर अपने क्षेत्र की सभी प्रत्याशियों का जीत सुनिश्चित करें। केंद्र ,प्रदेश व जिला, जनपद, पंचायत इन सभी क्षेत्रों में जब एक ही पार्टी की सरकार रहेगी तो विकास के कार्यों में कोई अवरोध उत्पन्न नहीं होगा । चौतरफा विकास होगा इसके लिए हम सभी को कंधा से कंधा मिलाकर एकजुटता का परिचय देते हुए सभी प्रत्याशियों को जीत सुनिश्चित करना होगा। सरगुजा जिला भाजपा के महामंत्री राजेश अग्रवाल महलवाल ने कहा कि प्रत्याशी कोई भी हो भाजपा का होगा। आपके बीच का होगा ,आपके साथ ही होगा, आपका मित्र होगा, आपका भाई होगा इन्हीं रिश्तो में से कोई न कोई एक प्रत्याशी होगा , जीत सुनिश्चित करना आप सभी का दायित्व होगा। प्रत्याशी के लिए कोई विवाद न इसका ध्यान दें। जीन कार्यकर्ताओं कोचुनाव लड़ना है वह अपना नाम दे सकते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी का चयन प्रदेश भाजपा प्रदेश कमेटी करेगी। सब मिलकर कार्य करें ।जितने भाजपा के कैंडिडेट कम होंगे जीत उतनी ही आसान होगा। प्रयास करें की हर वार्ड से एक ही नाम संगठन के पास पहुंचे ताकि प्रत्याशी तय करने में आसानी होगी, मतभेद की संभावना नहीं रहेगी हम सब एक परिवार के लोग हैं सब मिलकर काम करें। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सूरजपुर जिला पुलिस ने यातायात सुरक्षा सप्ताह कि गति की तेज

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)-सूरजपुर जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर जिले मे सड़क यातायात सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सेंट चार्ल्स विद्यालय भटगांव में आयोजित कार्यक्रम में भटगांव पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

आज सेंट चार्ल्स हाई स्कूल में एनुअल फंक्शन के अवसर पर उपस्थित बच्चों, पालकों को भटगांव थाना प्रभारी सरफ्राज फ़िरदौसी ने यातायात सड़क सुरक्षा के तहत् नियमों को पालन करने, नए कानून के बारे एवं सायबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग करने संबंधी विषय के साथ एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। उक्त कार्यक्रम मे अतिथियों सहित भारी संख्या मे विद्यालय के बच्चे तथा उनके अभिभावक गण मौजूद थे। सेंट चार्ल्स विद्यालय के प्राचार्य मैं इस अवसर पर उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

ओबीसी कोल इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन का कोल इंडिया के पदाधिकारी के साथ बैठक संपन्न

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)-लोकसभा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संसदीय समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह सांसद (सतना) की अध्यक्षता एंव अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संसदीय समिति के लोकसभा सासंद गण की उपस्थिति में आईटीसी रायल बंगाल सेवन स्टार लक्ज़री होटल में बैकवर्ड क्लास (ओबीसी) कोल एम्पोलाइज वेलफेयर एसोसिएशन कोल इंडिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें 23 ओ.बी.सी.वर्ग के लोकसभा सांसद उपस्थित थे। इसके अलावा कोल इंडिया के सभी उपषंघी कम्पनियों के ओ.बी.सी.एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव मौजूद थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम लोकसभा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संसदीय समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह का स्वागत पुष्प गुच्छ और शाल से करने के साथ सभी संसदीय समिति के सदस्यों का भी षुष्प गुच्छ और शाल से स्वागत किया गया । इस मौके पर ओबीसी के केंद्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव ने 27 प्रतिशत आरक्षण और सभी समितियों में भागीदारी सुनिश्चित करने और ओबीसी से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के मुद्दे को संसदीय समिति की बैठक के समक्ष पेश करते हुए

उन्होंने मांग किया कि केंद्र सरकार के आदेश के बाद भी कोल इंडिया अभी भी ओबीसी के कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जाता है। उन्होंने मांग किया कि विभागीय पद्दोनती में आरक्षण दिया जाए । श्री यादव ने कहा कि कोल इंडिया की अधिकांश उपसंघी कम्पनियों में आउट सोर्सिंग में काम करने वाले मजदूरों को केंद द्वारा निर्धारित वेतनमान नही दिया जा रहा है । कोयला उत्पादन आउट सोर्सिंग के मजदूर करते हैं उन्हें डीजीएमएस के गाइड लाइन के अनुरूप सुरक्षा के साधन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है आए हैं ओपनकास्ट खदानों में दुर्घटनाएं होती है। इस पर गंभीरता लागू कराया जाए। इसकी जानकारी कोलकाता बैठक मे गये बैकवर्ड क्लास (ओ.बी.सी.)कोल एम्पलोइज वेलफेयर एसोसिएशन एस.ई.सी.एल.बिलासपुर जोन छ.ग.के क्रेदीय महासचिव मंगला सिंह यादव ने दी है

नगर पंचायत विश्रामपुर में विधायक ने किया डेढ़ करोड़ रुपए लागत के निर्माण कार्यों की भूमि पूजन

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)- - प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने नगर पंचायत विश्रामपुर में लगभग डेढ़ करोड़ लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन।

पंडित उदय भूषण तिवारी ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ गौरी शंकर मंदिर स्थित छठ घाट पर प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूलन सिंह मरावी के द्वारा डेढ़ करोड़ लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कराया जिसमें चबूतरा 27.72 लाख, वार्ड नंबर 13 में शेड स्टोर रूम 20 लाख का निर्माण के साथ ही छठ घाट पर संदर्यिकरण लगत 20 लाख , वार्ड 13 में ही सामुदायिक भवन एवं मंगल

भवन 30 लाख ,वार्ड क्रमांक 9 में जिम भवन निर्मला लगता 40 लाख ,वार्ड क्रमांक 14 में पार्क बाउंड्री वॉल एवं सुंदरीकरण 10 लाख का भूमि पूजन किया। सीएमओ सुशील तिवारी, अभियंता तरंग मित्तल सफाई निरीक्षक अरविंद यादव, पुरुषोत्तम ,आकाश सिन्हा गोलू दास ने मंचासीन अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत किया ।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि नगर पंचायत की देव तुल्य जनता की हर समस्या का निराकरण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के प्रदेश सरकार के मुखिया विष्णु देव साय जी किसी भी ग्राम के, शहर के लोगों की समस्या दूर करने हेतु कटिबध है। उसी कड़ी में हमारे द्वारा भी प्रयास किया जा रहा है ।हम आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। आप सब भी प्रदेश के मुख्यमंत्री देश के प्रधानमंत्री पर विश्वास करते हुए आगामी होने वाला पंचायती चुनाव में अपने चहते प्रत्याशियों को जीत सुनिश्चित करें। विधायक श्री मरावी ने पांच नग ई रिक्शा, एक मिनी टियर का हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता बहन एवं भाइयों को सुपुर्द किया। बता दे की इससे पूर्व भी नगर पंचायत बिश्रामपुर में ई रिक्शा 5 नग एवं 1 मिनिटियर ,एक ट्रैक्टर संचालित है ।बताया जाता है कि ई रिक्शा एवं मिनी टियर पांचवा वित्त की तहत नगर पंचायत को प्रदान की गई है ।

आज के इस गरिमामय आयोजन के दौरान मनचासीन अतिथियां में जिला भाजपा मंत्री राजेश महलवाल, युवा भाजपा नेता अनूप सिन्हा ,कैलाश सिदार, इंजीनियर विनय सिंह, दीपेंद्र सिंह चौहान ,सत्यनारायण जायसवाल ,रामानंद जायसवाल, राज किशोर चौधरी, रितेश जायसवाल, रविंद्र सिंह ,श्याम पांडे ,गीता घोषाल , मोहिनी झा, निर्मला यादव, ज्योति सिंह आदि शामिल थे ।इस दौरान भाजपा के निर्मला यादव ,शकुंतला सोनी, लीलू गुप्ता ,समीर सिंह, पूरा सिंह ,सतीश तिवारी ,सुनील श्रीवास्तव , युवा नेता बाबूलाल यादव , रविंद्र सिंह, अवनीश सिंह विधायकआदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शनिवार 18 जनवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

बांग्लादेश में फिर टकराव की आशंका

एक दूसरे पर हमले करने के लिए ये गुट शेख हसीना को मुद्दा बना रहे हैं। इस माहौल से फिर टकराव की आशंकाएं गहरा रही हैं। लोगों में भी मायूसी है। धारणा बनने लगी है कि अगस्त में हुआ बदलाव व्यर्थ जा रहा है। बांग्लादेश में जिन सियासी ताकतों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन में जबरदस्त एकता दिखाई थी, अब उनके बीच टकराव तीखा हो रहा है। नए चुनाव कराने के सवाल पर अंतरिम सरकार के रुख ने अन्य समूहों में अंदेशा पैदा किया है कि बीते अगस्त में फौरी तौर पर देश की कमान संभालने आए शासकों को सत्ता का स्वाद लग गया है। अब वे चुनाव नहीं कराना चाहते। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस और सरकार में शामिल पूर्व छात्र नेताओं के कुछ बयानों के बाद बांग्लादेश नेशलनिस्ट पार्टी (बीएपनी) सहित अन्य दल अंतरिम शासकों के खिलाफ खुल कर बोलने लगे हैं। इन बयानों का संदेश था कि चुनाव कराना अंतरिम सरकार की प्राथमिकता नहीं है। तब से आरोप लगाए गए हैं कि अंतरिम सरकार जानबूझ कर चुनाव में देर कर रही है। संदेह जताया गया है कि हसीना को सत्ता से बाहर करने के बाद मोहम्मद यूनुस और उनके छात्र समर्थक बीएनपी को भी रास्ते से हटाना चाहते हैं। हसीना के देश से जाने के बाद उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं के ख़िलाफ़ हत्या समेत अलग-अलग आरोपों में मामले दर्ज होने का सिलसिला शुरू हुआ था। उधर प्रमुख विपक्षी पार्टी बीएनपी की अध्यक्ष ख़ालिदा ज़िया के खिलाई कई मामलों में सज़ा रद्द की गई। जमात-ए-इस्लामी के भी कई नेता और कार्यकर्ता जेल से रिहा हुए। तब लग रहा था कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार, बीएनपी, जमात और आंदोलनकारी छात्र नेता एकजुट हैं। लेकिन अब सूरत बदल गई है। एक दूसरे पर हमले करने के लिए ये गुट शेख हसीना को मुद्दा बना रहे हैं। एक दूसरे पर इल्जाम लगाए गए हैं कि वे हसीना के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं। बीएनपी ने कहा है कि अंतरिम सरकार और जमात भारत के साथ अपने रिश्ते अच्छे करने के लिए हसीना को माफ़ कर देना चाहते हैं। इसके बाद जमात-ए-इस्लामी पार्टी ने बीएनपी पर कड़ा हमला किया। इस माहौल से देश में फिर टकराव की आशंकाएं गहरा रही हैं। लोगों में भी मायूसी है। ये धारणा बनने लगी है कि अगस्त में हुआ बदलाव व्यर्थ जा रहा है।

बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों को होगा राहत

प्रह्लाद सबनानी

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं तो उन्हें नया स्कूटर, नया फ्रिज, नया एयर कंडिशनर, नया टीवी एवं इसी प्रकार के कई नए पदार्थों (उत्पादों) की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, नए मकानों की मांग भी मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच से ही निर्मित होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं (स्न्ड्डह्यह्ल स्ग्न1द्वठ्ठद्द ष्टशठ्ठह्यह्वद्वद्गह् त्रशश्रस्न्ह्य - स्न्रूष्टत्र) के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली कम्पनियों का इस संदर्भ में आंकलन बेहद चौंकाने वाला है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री एवं लाभप्रदता में भी कमी दिखाई दी है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है। विभिन्न राज्यों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहिना योजना आदि माध्यम से महिलाओं के खातों में सीधे ही राशि जमा की जा रही है। इसके साथ ही इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होने लगे हैं। जिससे इस श्रेणी के परिवारों में से कई परिवार अब मध्यमवर्गीय श्रेणी के परिवारों में शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्री ने हाल ही में भारतीय संसद को बताया है कि देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार उपलब्ध नागरिकों की संख्या 36 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 64.33 करोड़ के स्तर पर आ गई है, यह संख्या वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ के स्तर पर थी। वर्ष 2024 से वर्ष 2014 के बीच, 10 वर्षों में रोजगार में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी अर्थात इस दौरान केवल 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हो सकीं थी, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के बीच 17.19 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हुई हैं, यह लगभग 6 गुना से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। पिछले केवल एक वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 के बीच ही देश में लगभग 4.6 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। कृषि क्षेत्र में वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच कृषि के क्षेत्र में रोजगार में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। इसी प्रकार विनिर्माण के क्षेत्र में भी वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में केवल 6 प्रतिशत दर्ज हुई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच विनिर्माण के क्षेत्र में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। सेवा के क्षेत्र में तो और भी अधिक तेज वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच सेवा के क्षेत्र में रोजगार 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा था, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस सबका असर बेरोजगारी की दर में कमी के रूप में देखने में आया है। देश में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 6 प्रतिशत से वर्ष 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। इसका सीधा असर कामकाजी आबादी अनुपात पर भी पड़ा है जो वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सबसे अच्छी स्थिति तो संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे नागरिकों की संख्या में वृद्धि से बनी है। क्योंकि संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को नियोक्ताओं द्वारा कई प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएं केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत प्रदान की जाती है। संगठित क्षेत्र में शामिल होने वाले युवाओं (18 से 28 वर्ष के बीच की आयु के) की संख्या में सितम्बर 2017 से सितम्बर 2024 के बीच 4.7 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है, ये युवा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफ्ओ) से भी जुड़े हैं। यदि किसी देश में मुद्रा स्फीति की दर लगातार लम्बे समय तक उच्च स्तर पर बनी रहे एवं नागरिकों की आय में वृद्धि दर मुद्रा स्फीति में हो रही वृद्धि दर से कम रहे तो इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवार के बचत एवं खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि मध्यमवर्गीय परिवार के खर्च करने की क्षमता कम होगी तो निश्चित ही बाजार में विभिन्न उत्पादों की मांग भी कम होगी इससे विभिन्न कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी कम होगी। यह स्थिति हाल ही के समय में भारत की अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर है। अत: वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रयास किए जाएंगे जिससे मुद्रा स्फीति की दर देश में कम बनी रहे एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में वृद्धि हो। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों की आय पर लगाए जाने वाले आय कर में भी कमी की जानी चाहिए।

आलेख

पांच दिवसीय भारत दौरे पर सिंगापुर,राष्ट्रपति शनमुगरत्नम

कमल नैन नारंग

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औपचारिक स्वागत किया। सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में उनकी यह पहली यात्रा है जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। पत्रकारों से बात करते हुए सिंगापुर के राष्ट्रपति ने कहा पने औपचारिक स्वागत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सिंगापुर के राष्ट्रपति ने कहा, हम कभी नहीं भूलेंगे कि भारत 1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता को मान्यता देने वाले पहले कुछ देशों में से एक था और तब से हमारे संबंध तेजी से बढ़े हैं। छोटे देश सिंगापुर और बड़े देश भारत के बीच यह स्वाभाविक साझेदारी है, लेकिन हम अपने आपसी हितों में सहयोग करने के तरीके खोजते हैं। भारत में सबसे बड़ा निवेशक सिंगापुर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सिंगापुर भारत में सबसे बड़ा निवेशक है और दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध भी मजबूत हैं, जो आगे भी बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, हम अब भारत के साथ अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के साथ एक नए पथ पर हैं, जिसकी घोषणा पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान की गई थी। हम अपने मौजूदा सक्रिय संबंधों से परे नई पहलों की खोज कर रहे हैं। हम उन्नत विनिर्माण और सेमीकंडक्टर, नई पीढ़ी और नेट जीरो औद्योगिक पार्कों के साथ-साथ शामिल नए उद्योगों के कौशल पर सहयोग करने पर काम कर रहे हैं। दोनों देश डिजिटलीकरण और स्थिरता के क्षेत्र में मिलकर कर रहे काम सिंगापुर के राष्ट्रपति शनमुगरत्नम ने कहा कि भारतीय और सिंगापुर के नेता एक-दूसरे की बात समझते हैं और उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश डिजिटलीकरण और स्थिरता के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सिंगापुर भारत की विकसित देश बनने की महत्वाकांक्षा ङ्क विकसित भारत 2047 में निवेश कर रहा है। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन मंगलवार शाम को नई दिल्ली पहुंचे और बुधवार को उच्च स्तरीय चर्चा में शामिल हुए। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सेमीकंडक्टर, औद्योगिक पार्क, कौशल, डिजिटलीकरण और व्यापार विकास सहित द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति से मुलाकात की। बैठक के बाद डॉ. जयशंकर ने एक्स पर कहा, आज सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात करके बहुत खुशी हुई। सेमीकंडक्टर, औद्योगिक पार्क, कौशल विकास, डिजिटलीकरण और व्यापार विकास में हमारे सहयोग पर चर्चा की। मुझे विश्वास है कि उनकी राजकीय यात्रा हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति प्रदान करेगी।

एक और खतरनाक वायरस एचएमपीवी की दस्तक

योगश कुमार गोयल

वर्ष 2020 में चीन से शुरू होकर कोरोना ने पूरी दुनिया में जो दहशत मचाई, उसे याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनिया भर में लाखों लोग मारे गए, लाखों परिवार उजड़ गए, अनेक बच्चे अनाथ हो गए। अभी तक कोरोना का खौफ बरकरार है, और कोरोना की शुरुआत के 5 साल बाद अब चीन से ही एक और ऐसे ही खतरनाक वायरस की दस्तक की खबरें दुनिया के सामने आ रही हैं, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वायरस कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। भारत में कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल में कुछ बच्चों में नये वायरस के मामले मिल चुके हैं, जिसके बाद भारत में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि यह वायरस बच्चों और बुजुगरे को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। कमजोर प्रतिरक्षा वाले रोगियों में यह संक्रमण निमोनिया में परिवर्तित हो जाता है, और उनमें मौत का जोखिम बढ़ जाता है। हाल के दिनों में कई रिपोटरे में बताया जा चुका है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नामक वायरस ने इन दिनों चीन में दहशत फैला रखी है। इस खतरनाक वायरस के कारण बड़ी संख्या में मरीज मर रहे हैं, लेकिन कोविड की ही भांति चीन द्वारा इसे लेकर भी लीपापोती की जा रही है। हालांकि कुछ रिपोटरे में दावा किया जा रहा है कि इस वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि उत्तर चीन के प्रांतों में 14 वर्ष से कम उम्र के लोगों में एचएमपीवी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खचाखच भरे अस्पताल और श्मशानों में बेतहाशा भीड़ इस संकट के कोरोना जैसा या उससे भी बदतर होने की पुष्टि कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर %सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19)' नामक एक्स हैंडल द्वारा पोस्ट में लिखा गया है कि चीन एचएमपीवी, इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 सहित कई वायरस के मामलों में उछाल का सामना कर रहा है, और वहां के अस्पताल निमोनिया और %व्हाइट लंग' के मामलों से खासे परेशान हैं। एचएमपीवी वायरस का प्रकोप भी सबसे पहले चीन में ही शुरू हुआ है। दरअसल, बर्ड फ्लू से लेकर सार्स और कोविड तक सभी महासंहारक वायरल प्रकोपों की उत्पत्ति चीन से ही होती रही है। चूंकि सभी वायरस चीन में ही पैदा होते रहे हैं, इसलिए ऐसे वायरस हमलों को लेकर दुनिया में चीन को लेकर संदेह का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोविड-19 के बाद खतरनाक होता एचएमपीवी भी चीन की जैविक प्रयोगशालाओं में रची जा रही साजिश तो नहीं है। हालांकि डच शोधकर्ताओं ने 2001 में सबसे पहले सन संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में इस वायरस की खोज की थी और हर साल कई देशों में इसके कुछ मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन चीन में जिस तरह इस वायरस ने आतंक मचाया हुआ है, ऐसे में भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थिति पर नजर रखे हुए है तथा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल का कहना है कि बताया गया है कि चीन में मेटान्यूमोवायरस वायरस का एक आउटब्रेक है, जो गंभीर है। हालांकि उनका कहना है कि हमें नहीं लगता कि भारत में किसी गंभीर स्थिति की आशंका है। दिल्ली मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण गुप्ता का कहना है कि भारत में इस वायरस के कारण बीमारी बढने् की अभी आशंका नहीं है। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के अनुसार, एचएमपीवी सभी उम्र के लोगों में अपर और लोअर रेस्पिरेटरी डिजीज का कारण बन सकता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने से निकलने वाले स्त्रव या नजदीकी संपर्क जैसे हाथ मिलाने से भी यह वायरस फैलता है। एचएमपीवी वायरस न्यूमोवायराइड और मेटान्यूमो वायरस जीनस का हिस्सा है, जो सिंगल-स्ट्रैंडेड नेगेटिव-सेंस आरएनए वायरस है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस वायरस का संक्रमणकाल तीन से पांच दिन होता है। इसके संक्रमण से रोग-प्रतिरोधी क्षमता कमजोर होती है। एचएमपीवी कोरोना की ही भांति सन पथ को संक्रमित करता है, हालांकि कोरोना के मुकाबले इसके कारण ऊपरी और निचले, दोनों सन पथ में संक्रमण का खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह कम पहचाना वायरस है, लेकिन दुनिया भर में मौसमी सन बीमारियों में योगदान कर रहा है। एचएमपीवी वायरस का प्रकोप भी सबसे पहले चीन में ही शुरू हुआ है। दरअसल, बर्ड फ्लू से लेकर सार्स और कोविड तक सभी महासंहारक वायरल प्रकोपों की उत्पत्ति चीन से ही होती रही है। चूंकि सभी वायरस चीन में ही पैदा होते रहे हैं, इसलिए ऐसे वायरस हमलों को लेकर दुनिया में चीन को लेकर संदेह का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोविड-19 के बाद खतरनाक होता एचएमपीवी भी चीन की जैविक प्रयोगशालाओं में रची जा रही साजिश तो नहीं है। हालांकि डच शोधकर्ताओं ने 2001 में सबसे पहले सन संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में इस वायरस की खोज की थी और हर साल कई देशों में इसके कुछ मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन चीन में जिस तरह इस वायरस ने आतंक मचाया हुआ है, ऐसे में भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। एचएमपीवी में कोरोना ही भांति फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। सामान्य लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं। इससे बचाव के उपायों में हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोना, खांसते और छींकते समय मुंह और नाक ढंकना, संक्रमितों से दूरी बनाना, स्वस्थ आहार और पर्याप्त नींद लेना, फ्लू के टीके लगवाना इत्यादि शामिल हैं।

भीषण आग से अमेरिका ही नहीं,दुनिया सबक ले

ललित गर्ग

दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं। अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता

लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है। अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

संक्षिप्त समाचार

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 55वीं पुण्यतिथि आज

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्य 18 जनवरी को अपने संस्थापक पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 55 वीं पुण्यतिथि को विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाएंगे। विश्व के पांचों महाद्वीपों में 137 देशों में फैले अपने 8500 (साढ़े आठ हजार) से भी अधिक सेवाकेन्द्रों में इस अलौकिक संस्थान के दस लाख सदस्य कल सारा दिन आत्म चिन्तन में बिताएंगे तथा राजयोग के अभ्यास के द्वारा समग्र विश्व में शान्ति के प्रकम्पन फैलायेंगे। यह कार्यक्रम पूरे विश्व में एक साथ और एक ही समय पर आयोजित किए जाएंगे। राजधानी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी सहित सभी पन्द्रह सेवाकेन्द्रों में किया जाएगा। कल प्रात: काल से ही प्रार्थना सभाओं का दौर प्रारम्भ हो जाएगा। इसके पश्चात ब्रह्माबाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी एवं परमात्मा को भोग स्वीकार कराया जाएगा। संस्था के मुख्यालय माउण्ट आबू में भी व्यापक स्तर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भाग लेने के लिए विभिन्न देशों से पच्चीस हजार लोग माउण्ट आबू में पहुँचे हैं। ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 18 जनवरी 1969 को पिताश्री ब्रह्माबाबा ने सम्पूर्ण अवस्था को प्राप्त कर पार्थिव देह का कलेवर त्यागा था। इसलिए यह दिवस समग्र मानव जाति के लिए दिव्यता सम्पन्न जीवन बनाने का सन्देश लेकर आता है।



जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ-दुर्ग, के तत्वाधान में आज दिनांक 15 जनवरी 2025 को जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक का आयोजन राज्य उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता बोहरा, जिला आयुक्त स्काउट श्री अरविंद मिश्रा जी, जिला आयुक्त श्री जीत यादव जी, जिला अध्यक्ष श्री अशोक देशमुख जी, लिंक अधिकारी श्री तनवीर अकील जी, एवं आजीवन सदस्य श्री संजय बोहरा जी, के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें पूर्व में आयोजित बैठक के समस्त मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्हें अनवरत जारी रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। 75 वी वर्षगांठ तमिलनाडु जंबूरी में जाने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को जिला संघ से 3000 रूपये दिया जायेगा। जिले में विंग वाईस प्रशिक्षण कीट की आवश्यकता पर जोर। फरवरी 2025 में प्राप्त करने गोल्डन ऐरो अवार्ड कब बुलबुल एवं प्रभारी का सम्मान समारोह का आयोजन। स्काउट गाइड भवन के निर्माण पर चर्चा साथ ही सभी विद्यालयों में यूनिट चलाने एवं सभी विंग में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने एवं प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

मुंबई में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधी दिवस पर आयोजित होगा स्मरणांजली समारोह



मुंबई (विश्व परिवार)। आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधी दिवस के अवसर पर मुंबई में एक भव्य स्मरणांजली समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन महावीरायतन फाउंडेशन द्वारा 21 फरवरी 2025 को दोपहर 2 बजे से योगी सभागृह, दादर पूर्व, मुंबई में किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में आचार्य श्री के अद्वितीय योगदान, उनकी शिक्षाओं व विचारधारा पर विशेष चर्चा कि जाएगी और उनके जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री का प्रसारण भी किया जाएगा साथ ही और बहुत कुछ रंगारंग कार्यक्रम होंगे।

आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज भारतीय समाज में अहिंसा, सत्य, और संयम के महान प्रवर्तक रहे हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति के पुनर्निर्माण के लिए कई पहलुओं पर कार्य किया, जिसमें गौसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और हथकरघा उद्योग को विशेष महत्व दिया गया और लाखों लोगों को धर्म मार्ग से जोड़ा। आचार्य जी का प्रसिद्ध नारा इंडिया नहीं, भारत बोलो न केवल उनके दर्शन का प्रतीक था, बल्कि यह समग्र भारतीयता और संस्कृति की पुन:स्थापना की दिशा में एक प्रेरणा बन गया।

राज्यपाल एवं उपमुख्यमंत्री सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां बनेगी समारोह में हिस्सा, 21 फरवरी को दादर मुंबई में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधी दिवस पर भव्य आयोजन, राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री सहित प्रमुख नेता होंगे शामिल

उनकी विचारधारा ने न केवल सामान्य जनता को प्रभावित किया, बल्कि देश के यशस्वी राजनेताओं और समाजसेवियों को भी गहरे रूप से प्रभावित किया। इस आयोजन में राजस्थान के महामहिम राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े जी मुख्य अतिथि के रूप में और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही केंद्रीय मंत्री श्री रामदास अठावले जी, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष श्री राहुल नार्वेकर जी, महाराष्ट्र शासन में मंत्री श्री मंगलप्रभात जी लोढ़ा, राज्यसभा के युवासांसद श्री मिलिंद देवड़ा की गरिमा में उपस्थित रहेगी। इनके साथ ही देश के विख्यात उद्योगपति, साहित्यकार, सिने जगत के कलाकार एवम सभी समाज के महत्वपूर्ण हस्तियां इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

जन्म लेने से कोई महान नहीं बनता है जन्म के साथ कर्म की महानता होती है : मुनि श्री समतासागर जी महाराज



वारासिवनी (विश्व परिवार)। जन्म लेने से कोई महान नहीं बनता है जन्म के साथ कर्म की महानता होती है उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने वारासिवनी में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के तीसरे दिवस जन्म कल्याणक के शुभअवसर पर व्यक्त किये, मुनि श्री ने कहा कि जन्म तो सभी का होता है लेकिन हम और आपका कल्याणक नहीं मनाया जाता तीर्थंकर भगवान का जब अबतरण होता है तो तीनों लोकों में शांति का अहसास होता है, उनका आगे जन्म मरण नहीं होगा यह उनका अंतिम जन्म है, तथा यह जन्म आयु पूर्ण होंने पर निर्वाण से जुड़ेगा वह अपना कल्याण तो करते ही है साथ ही अपने जन्म दैने बाले माता पिता तथा संपूर्ण जगत के प्राणिओं के कल्याण का निमित्त भी बनेंगे इसीलिये उनका जन्म कल्याणक के रुप में मनाया जा रहा है।

मुनि श्री ने कहा कि मोक्ष जाने वाली भव्य आत्मा असंख्यात हो सकती है लेकिन एक चतुर्थ काल में तीर्थंकर केवल 24 होते है, यह तीर्थंकर काभवभवांतर पुण्य एवं सोलह कारण भावनाओं के साथ केवली श्रुत केवली का सानिध्य लोक मंगल कार्य हेतु यह तीर्थंकर का पुण्य अवतरित होता है।जैन सिद्धांत कहता है कि जन्म और मरण का यह चक्र प्रत्येक जीव के साथ निरंतर लगा हुआ है प्रत्येक आत्मा परमात्मा बन सकती है तीनों लोक में मनुष्य पर्याय ही सर्वश्रेष्ठ मानी गयी है इसी गति से वह साधना करके मुनि बनकर मोक्ष जा सकते है। देव लोक के देवों में सुख सुविधाएं तो बहुत है लेकिन वह संयम धारण नहीं कर सकते त्रियंच पशु पक्षियों में भक्ती का मार्ग तो खुला है लेकिन वह भी अपनी पर्याय के कारण मोक्ष नहीं जा सकते और नारकीओं को तो रास्ता ही बंद है एक मात्र मनुष्य पर्याय ही है जिसमें सम्यक् दर्शन सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र को ग्रहण कर मोक्ष पद को धारण कर सकता है। -**अविनाश जैन**

शाकाहार को बढ़ावा देने मरार पटेल समाज की भूमिका अग्रणी इंद्रकुमार

शाकंभरी जयंती में बेटा पढ़ाओ, समाज बचाओ का दिया संदेश

अभनपुर (विश्व परिवार)। गुरुवार को अभनपुर क्षेत्र के ग्राम भेलवाडीह में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मां शाकंभरी जयंती मनाया गया। जिसमें भव्य कलश यात्रा के साथ ग्राम में भ्रमण, हवन पूजन पश्चात प्रसाद स्वरूप सब्जी वितरण कर शाकाहार का संदेश दिया। जिसमें मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक इंद्रकुमार साहू, अध्यक्षता ईश्वर पटेल जिलाध्यक्ष विशेष अतिथि मधुसूदन पटेल, प्रमुख सलाहकार मधुसूदन पटेल, सचिव धर्मेन्द्र पटेल, सरपंच प्रतिनिधि सहदेव कोसरिया रहे। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा मरार समाज एक मेहनतकश समाज है और अपने मेहनत के दम पर समाज आगे बढ़ रहा है। साथ ही सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ उन्नत कृषि तथा शाकाहार को बढ़ावा देने का कार्य भी कर रहे हैं। वहीं जिलाध्यक्ष ईश्वर ने कहा कि आज समाज के युवा वर्ग दिशाहीन होते जा रहे हैं। जो समाज के लिए चिंतन का विषय है। एक ओर जहां समाज में बेटियां स्नातक स्नातकोत्तर करके आगे बढ़ रही है।पर लडके पढ़ाई से दूर होते जा रहे हैं। जिसके चलते शादी विवाह में दिक्कतें आना शुरू हो गया है। शिक्षित युवतियों के लिए योग्य वर नहीं मिल रहा हैं। जो सभी समाज में एक गंभीर समस्या का रूप लेता जा रहा है।आगे उन्होंने समाज के लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि अब हमें बेटा पढ़ाओ, समाज बचाव के नारा लगाने की आवश्यकता है।इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, खेदुराम यादव, केजू राम यादव, छबि राम यादव, रिखी राम यादव, टीकाराम साहू, विशेषर मिश्रा, सुखचंद पंडित, तिहरू राम पटेल आदि उपस्थित रहे।

कुंडलपुर में बड़े बाबा उच्चासन दिवस धूमधाम से मनाया गया

गुरुदेव ने जब प्रभु को पुकारा, बड़े बाबा उड़ते उड़ते आये : आर्यिकारत्न श्री मृदुमति माताजी



कुंडलपुर दमोह (विश्व परिवार)। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या पूज्य आर्यिकारत्न श्री मृदुमति माताजी एवं आर्यिका रत्न श्री निर्णयमति माताजी के मंगल सानिध्य में बड़े बाबा उच्चासन दिवस देश विदेश से आए श्रद्धालु भक्तों के बीच धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर पूज्य आर्यिकारत्न श्री मृदुमति माताजी ने मंगल प्रवचन देते हुए बताया कि आज 19 में वर्ष की पावन बेला है 18 वर्ष पूर्व उच्चाशन तैयार किया गया। बड़े बाबा को उच्चासन पर बिठालना था। आचार्य श्री का चतुर्विध संघ यहां आया। संपूर्ण देश में मंत्र साधना हुई संपूर्ण कुंडलपुर कमेटी, पूरा बुंदेलखंड, देश-विदेश के कोने से भक्तगण, भारतवर्ष समाज यहां जुटे थे। तकनीकि साधनों के माध्यम से बड़े बाबा से प्रार्थना हुई। बड़े बाबा के अनुरूप इस विशाल मंदिर की अद्भुत अनुपम रचना हुई। आचार्य श्री की कठिन साधना भक्ति भावना अनुरूप उन्होंने पूज्य बड़े बाबा का पिच्छिका से पड़गाहन किया और बड़े बाबा भूगर्भ से विहार कर उच्चासन पर विराजित हुए। पूज्य माताजी ने स्वरचित रचना का गायन करते हुये कहा गुरु ने जब प्रभु को पुकारा, भूगर्भ से किया है विहारा बड़े बाबा उड़ते-उड़ते आए ओ बुंदेली के देवता कुंडलपुर के बाबा तुम्हें प्रणाम।बड़े बाबा के उच्चासन पर विराजित होते हुए ही यहां पर अनेक अतिशय हुये एक साथ 58 आर्यिकाओं की दीक्षा हुई। इंजी. आरके जैन महामंत्री ने बड़े बाबा के उच्चासन पर विराजमान होने के समय के आचार्य गुरुवर के चमत्कार संस्मरण सुनाए। -**जलज जैन**

सरकारी राजस्व और कर संग्रह को सरल बनाना आर्थिक स्थिरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम : जो फ्रांसिस

नई दिल्ली (विश्व परिवार)। हम, आईआईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जो फ्रांसिस और गार्डियन डेमोक्रेटिक फोरम के अध्यक्ष फ्रांसिस जोसेफ (सनी) के साथ जोबिन जेरोम (इस सम्पूर्ण आर्थिक फार्मूले के आविष्कारक) ने भारत सरकार के साथ एक ऐतिहासिक आर्थिक और वित्तीय मॉडल को लागू करने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है। यह मॉडल सरकारी राजस्व और कर संग्रह को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ नागरिकों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखता है। इस मॉडल का लक्ष्य अस्थिरता का कारण बनने वाले आर्थिक चक्रों की पुनरावृत्ति को रोकना, बचत को बढ़ावा देना और जनसंख्या की आर्थिक स्थिति को सुधारना है।

नए आर्थिक और वित्तीय मॉडल के प्रमुख उद्देश्य- आर्थिक चक्रों की पुनरावृत्ति को रोकना। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना। शून्य गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (एनपीए)। आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना। बैंक असली वित्तीय सुपरमार्केट बनेंगे। सरकारी राजस्व में वृद्धि।

सभी क्षेत्रों के लिए वित्तीय सुरक्षा हेतु ग्रामीण कस्टमाइज्ड ऑटो बैंकिंग- एक नई पहल, ट्रक (कस्टमाइज्ड ऑटो बैंकिंग) शुरू की जाएगी, जो किसानों और अन्य क्षेत्रों के वित्तीय हितों की रक्षा करेगी, जिससे उन्हें उचित क्रेडिट और वित्तीय सुरक्षा की सुविधा मिल सकेगी। इस मॉडल का आधार विस्तारित किफायती सीमाओं का सिद्धांत है, जो कृत्रिम रूप से प्रभावित बाजार परिदृश्यों के अध्ययन से व्युत्पन्न है। यह दर्शाता है कि योजनाबद्ध और अनुमत क्रेडिट विस्तार किस प्रकार आर्थिक मूल सिद्धांतों को बदल सकता है, और यह एक ऐसा गणितीय ढांचा तैयार करता है जो वित्तीय अस्थिरता को रोकता है।

सिविल लाईन वार्ड 46 के विकास के लिए बरखा बंटी निहाल ने लिया दृढ संकल्प

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ राजधानी रायपुर सिविल लाइन वार्ड 46 में राजधानी रायपुर की समाजसेवीका बरखा बंटी निहाल पहली ऐसी महिला है जो वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात चुनाव तिथि की घोषणा के पहले ही धुआंधार जनसंपर्क कर रही है वार्ड में उत्कल समाज की बहुलता और बरखा निहाल खुद उत्कल समाज की महिला होने से उसे वार्ड की जनता हाथों-हाथ लेकर, अपार स्नेह करते हुए जीत की अग्रिम बधाई और आशीर्वाद दे रहे हैं। लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी बरखा बंटी निहाल ने अपने सामाजिक और जन सेवा कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है उन्होंने वार्ड वासियों के लिए और कल्याण के लिए एक व्यापक एजेंडा प्रस्तुत किया है वार्ड के विकास के लिए बरखा बंटी निहाल ने कई महत्वपूर्ण घोषणा पत्र बनाने की बात कही है। सिविल लाइन वार्ड क्रमांक 46 का क्षेत्र अर्जुन नगर, आकाशवाणी, पंचशील नगर, जोगी नगर में घरघर जाकर लोगों से जनसंपर्क कर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद ले रही है।

भावना बोहरा द्वारा महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए 8 मार्च से शुरू होगी 4 अतिरिक्त निशुल्क बस सेवा का संचालन

पंडरिया (विश्व परिवार)। बेटियों और युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। बेहतर शिक्षा के साथ ही उनकी सुविधाओं के लिए भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में विगत वर्षों में कई प्रयास किये गए हैं जिनसे सैकड़ों छात्र-छात्राओं व उनके परिजनों को इसका लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में भावना बोहरा द्वारा16 जनवरी को पंडरिया में पहले लक्ष्य निशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारम्भ किया गया जहाँ पंडरिया विधानसभा के युवाओं को IIT-JEE, NEET एवं CGPSC जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की अनुभवी शिक्षकों द्वारा निशुल्क कोचिंग का लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र के प्रतिभावान युवाओं को एक बेहतर स्थान मिलेगा जहाँ सुविधाओं तथा संसाधनों के आभाव में जो युवा इन प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग करने में असमर्थ थे अब उन्हें उनके घर के नजदीक ही निशुल्क कोचिंग मिलेगी जिससे उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक बेहतर मंच व उनके परिवारजनों को आर्थिक संबल मिलेगा।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा, सुविधा और उनके सुरक्षित आवागमन की सुविधा के लिए बड़ी घोषणा की है। भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को घर से महाविद्यालय एवं महाविद्यालय से घर आने-जाने के लिए 4 अतिरिक्त निशुल्क बस सेवा संचालन करने की सौगात दी है। इस नि:शुल्क बस सुविधा का लाभ लेने के लिए फ़रवरी 2025 से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन चारों बसों का शुभारंभ किया जाएगा।

लक्ष्य बनाकर मेहनत करे सफलता अवश्य मिलेगी : विनोद गुप्ता

विद्यालयों का अवलोकन कर ली मिशन 40 डेज की जानकारी

जशपुर नगर (विश्व परिवार)। जिले में कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने कुनकुरी एवं बगीचा विकासखंड के शासकीय हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों का अवलोकन कर विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने कुनकुरी विकासखंड के शासकीय हायर सेकेंडरी गर्ल्स कुनकुरी, हायर सेकेंडरी स्कूल कुंजारा के कक्षा दसवीं एवं 12 वीं के बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित विद्यालय में उपस्थित होना चाहिए और अपना पूरा ध्यान अध्ययन में केंद्रित करना चाहिए। विषय वस्तु की समझ में यदि कहीं कमी नजर आती है तो संबंधित विषय शिक्षक से शंका का समाधान अवश्य प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग पढ़ाई में कर लायक बनकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। सभी बच्चों को भगवान ने दो चीज बराबर दी है वह है बुद्धि और श्रम शक्ति इसलिए सभी अपनी बुद्धि का शत प्रतिशत उपयोग मेहनत और लग्नता के साथ लक्ष्य बनाकर करे तो सफलता अवश्य मिलेगी।

दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी को 286 किलोमीटर की दूरी से दिया अंजाम

एसएसआई मंत्रा के मेड-इन-इंडिया सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

नई दिल्ली (विश्व परिवार)। देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी।

रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ़ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और- दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई।

दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस उपलब्धि ने आने वाले समय में टेलीसर्जरी की बदलावकारी क्षमता की पुष्टि कर दी है, जो भोगौलिक सीमाओं के दायरे से परे, किसी भी दूरी पर स्थित मरीज़ उच्च गुणवत्ता की सटीम मेडिकल देखभाल का लाभ उठा सकेंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17322/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 17-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17322
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651S0050E** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AWATRAI MANDHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. CHHATOMAL MANDHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SHRENIK JAIN 2. SIDDHARTH JAIN 3. RISHABH JAIN 4. RAJAT JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. MAHESH CHAND JAIN 2. RAJESH JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in
E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/2265 Raipur, date 14.01.2025

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

Tender Specification No.	Name of Work	NIT value i/c GST
CEC/DSPM-KE/W/2024/164	Annual maintenance of various dia of valve and repairing of raising mains to arrest leakages at CD type colony at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East	6.73 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/165	Providing cement concrete flooring for protection against growth of unwanted vegetation in premises of hydrogen plant (most sensitive area) at 1x500 MW Extn. unit at HTPS, CSPGCL, Korba West	6.35 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/166	Pre-monsoon, during monsoon & post monsoon cleaning of drains, roofs, pipes and sumps of power house and cleaning of drain outlet at power house premises of 1x500 MW Extn. unit at HTPS, CSPGCL, Korba West	5.32 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2024/167	Annual maintenance of existing water supply service in power house auxiliary building at HTPS, CSPGCL, Korba West	5.61 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2024/168	Fixing of chain link, mesh fencing and repair of damaged fencing along PMGSY road of colony premises of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa	9.97 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2024/169	Annual operation & maintenance of 0.7 MLD sewage treatment plant (STP) at colony premises of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa	14.34 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding. cspcl.co.in:50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

SAMVAD- 42836/ 3

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शनिवार 18 जनवरी 2025

संक्षिप्त समाचार

स्थानीय लोगों ने दिया मानवता का परिचय, घायल को तत्काल पहुंचाया अस्पताल, बची जान

बलरामपुर(विश्व परिवार)। बलरामपुर रामानुजगंज आज सुबह 8:30 बजे के करीब रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित पेट्रोल पंप रोड में नित्यांश ट्रेडर्स के सामने युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल युवक को 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया जिस समय पर उसे चिकित्सीय सेवा मिल सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह 8:30 बजे के करीब नित्यांश ट्रेडर्स के सामने एक्सिस बैंक में काम करने वाले उमेश सिंह उम्र 35 वर्ष बाइक से बैंक जा रहा था। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे उमेश के सिर में गंभीर चोट लगा इसी दौरान अपने घर जा रहे हैं नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी अजय गुप्ता एवं संतोष गुप्ता की नजर पड़ी तो तत्काल उन्होंने उमेश को सड़क के किनारे किया वहीं साई बाबा पब्लिक स्कूल के के भाई रूपेश गुप्ता अपने चार चक्का वाहन से बच्चों को लेने जा रहे थे उन्होंने अपने वाहन को रोक कर चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शंभू गुप्ता के सहयोग से 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया जहां उसका समय पर चिकित्सा मिल सकी। एंबुलेंस में इंतजार न कर घायल को तत्काल पहुंचाया अस्पताल.... जब इस प्रकार की घटना होती है तो लोग भीड़ जरूर लगा देते हैं एवं एंबुलेंस का इंतजार करने लगते है। एंबुलेंस के इंतजार में काफी देर भी हो जाता है। आज जब दुर्घटना हुई तो घायल उमेश के सर से काफी खून बह रहा था एवं कड़ाके की ठंड भी थी ऐसे में देरी करना काफी भारी पड़ सकता था लेकिन स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया।

आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल

बीजापुर(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पुतकेल थाना क्षेत्र में 16 जनवरी 2025 को एक आईईडी ब्लास्ट हुआ। यह घटना उस समय घटी जब कैम्प पुतकेल से केरिपु 229 और कोबरा की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी पर निकली थी। माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडीह के ब्लास्ट के कारण दो जवान घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को तुरंत निकालकर सुरक्षित स्थान पर लाया गया। राहत की बात यह है कि घायल जवानों की हालत सामान्य है और वे खतरे से बाहर हैं। यह घटना सुरक्षा बलों की लगातार माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हुई, जिससे इलाके में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं। सुरक्षा बलों द्वारा एरिया डॉमिनेशन जारी रखने के बावजूद माओवादियों की ओर से इस तरह के हमले की घटनाएँ लगातार हो रही हैं।

जावंगा में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा मैट्री स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के सहयोग से गीदम के यूथ हब में 15 से 20 जनवरी, 2025 तक सात दिवसीय एंटरप्राइजिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के युवाओं को उद्यमिता और प्रशिक्षण के क्षेत्र में कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन नई दिल्ली से आई प्रशिक्षकों की टीम द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु छात्रों को उद्यम एंटरप्राइज, उद्यमिता विकसित, विशेष उद्यम की पहचान, प्रभावी व्यापार रणनीति, नेतृत्व कौशल, नेटवर्किंग और वित्तीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय में प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। इस प्रशिक्षण सत्र का 18 से 35 साल के युवा लाभ उठा सकते हैं।

कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर सुकमा में कांग्रेस ने किया बंद, विरोध प्रदर्शन जारी

सुकमा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के खिलाफ सुकमा जिले में कांग्रेस ने एक दिवसीय बंद का आह्वान किया है। जिला मुख्यालय में इस बंद का असर साफ देखा जा रहा है, जहां सुबह से ही व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हैं और कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में नारेबाजी करते हुए कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर अपना विरोध दर्ज कराया है। बता दें कि कवासी लखमा को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने बहुचर्चित 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के मामले में तीसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जस्टिस अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद उन्हें 22 जनवरी तक के लिए 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। इस मामले में लखमा के बेटे हरीश को भी आरोपी बनाया गया है, हालांकि अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस घोटाले को लेकर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है।

अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन की बैठक संपन्न

गरियाबंद (विश्व परिवार) :- अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन जिला गरियाबंद द्वारा दिनांक 17.01.2024 दिन शुक्रवार को स्थानीय विश्रामगृह में श्री प्रदीप वर्मा संयोजक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विभिन्न विषयों में विस्तृत चर्चा कर निर्णय पारित किया गया! आयोजित बैठक में प्रदीप वर्मा ने सभी संगठन प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि जिला तथा तहसील स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु नए अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यों का चयन कर नवीन सदस्यों को जोड़ने का अभियान चलाया जाए ! बैठक में लगभग सभी संगठन प्रमुखों द्वारा संयोजक प्रदीप वर्मा को अवगत कराया गया कि विभागीय स्तर पर किसी भी विभाग द्वारा आज पर्यंत तक परामर्श दात्रि समिति का बैठक नहीं बुलाया गया है जिस कारण विभाग स्तर पर निराकरण योग्य समस्याओं यथा समय मान वेतनमान पदोन्नति गोपनीय चरित्रावली संधारण जैसे कार्यों का निवारण नहीं हो पा रहा है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त होते जा रहा है! साथ ही कुछ विभागों में अवैध संलग्नीकरण से संस्था का कार्य प्रभावित हो रहा है ! व्याख्याता संघ के द्वारा अवगत कराया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गौरव गरियाबंद योजना जिससे विभिन्न संस्था प्रमुखों में असंतोष का भाव उतपन्न हो रहा है! पटवारी संघ द्वारा फेडरेशन से आवाहन किया है कि भुईया ऑनलाइन योजना में कार्य कर रहे पटवारी को शासन प्रशासन द्वारा आज पर्यंत तक आवश्यक साधन संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया है ! पटवारी द्वारा शासन एवं कृषको का ऑनलाइन कार्य स्वयं के व्यय पर निष्पादित कर रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है वर्तमान में पटवारी संघ द्वारा ऑनलाइन भूईया कार्य का बहिष्कार किया गया है! पटवारी संघ चाहता है कि फेडरेशन इस विषय को जिलाधीश महोदय के माध्यम से शासन का ध्यान आकृष्ट करने का कष्ट करें! प्रदीप वर्मा द्वारा सभी कर्मचारी संगठन के अध्यक्षों एवं उपस्थित सदस्यों को अस्वस्थ किया गया के की जल्द ही इस विषय पर कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर उनके संज्ञान में लाया जाएगा! आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से एम आर खान, मिश्रीलाल तारक मनोज खरे सुदामा ठाकुर आर के तलवारे संतोष साहू बसंत त्रिवेदी सुनील यादव बसंत मिश्रा तुलेश कुमार पंकज पाटिल गौतम ठाकुर कुर्रे सर उमाशंकर साहू लोकेश्वर सोनवानी चंद्रहास श्रीवास जावेद खान भागचंद चतुर्वेदी कुबेर मेश्राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे!

शुभारंभ के अवसर पर वाटर पार्क में गूंजा लक्ष्मण - सीया - रामचंद्र की जय .... की जयकारे..

लोधेश्वरधाम निर्माण के लिए बॉलीवुड एक्टर लोधी कुणाल सिंह राजपूत ने दिया ऐतिहासिक सुझाव

रायपुर। रामायण के पात्र लक्ष्मण बॉलीवुड एक्टर लोधी कुणाल सिंह राजपूत सोमनी राजनांदगांव के समीप रिएवेरा रिसोर्ट के आधुनिक वाटर पार्क का शुभारंभ के अवसर पर लखन सीया रामचंद्र की जय का जयकारे से संपूर्ण परिसर गूंजायमान हुआ। यह वाक्या 15 जनवरी को स्थानीय वाटर पार्क के कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह मे हुआ। इससे पूर्व कि वे कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित लोधेश्वरधाम का भी उन्होंने भ्रमण कर ऐतिहासिक निर्माण कार्य होने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं रामायण धारावाहिक में लक्ष्मण का रोल अदा किया है। इस मकसद से मैं प्रदेश का भांजा ही हुआ, यहा की कला संस्कृति, बोली भाषा बडा मीठा है। अनेकों शूटिंग के दौरान यहां के कलाकारो के साथ भी मिलने का अवसर आया। उन्होने कहा कि रामायण में प्रसंग आया था, उसका जिक्र कर उन्होने कहा कि जब शिव धनूष बाण पर परतंक्षा चढाने की बाते थी, तब कोई भी राजा महाराजा, शूरवीर शिव धनूष को नही उठा पाये, तब जनक जी ने कहा कि यह धरती शूरवीरो से खाली है। तब मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मैंने भैय्या से कहा कि आपकी आज्ञा हो तो धनूष बाण को उठाना तो क्या, मैं इसे गेंद की तरह उछालकर फेंक सकता हूं। इस पर भैय्या ने शांत रहने की सलाह दी। उन्होने अनेको प्रसंगो का जिक्र किया। उलेखनीय है कि लोधेश्वरधाम के संयोजक व रिएवेरा रिसोर्ट के संचालक लोधी उत्तम वर्मा ने बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू वाटर पार्क जो कि सोमनी राजनांदगांव (पुलिस स्टेशन के पास) है,इसका उद्घाटन बालीवुड एक्टर कुणाल सिंह किया। बेलोदी स्थित रिवेएरा रिसोर्ट सफ्लता के साथ संचालित हो रहा है, यंगस्टर्स की मांग पर दूसरे फेज में यह वाटर पार्क शुरु किया गया। आम लोगों के लिए वाटर पार्क में, स्वीमिंग, म्यूजिकल डांस के साथ साथ,जायकेदार खाना भी उपलब्ध कराया जा रहा । इसे युवा जगत के लिए खुशी का पल साबित हो रहा है। समाज के सचिव प्रहलाद दमाहे ने बताया कि समाज के सदस्य कुणाल सिंह राजपूत का एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

विष्णु के सुशासन में श्रमिकों को 5 रूपये में मिल रहा है भरपेट स्वादिष्ट एवं गरम भोजन

बालोद(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के मेहनतकश श्रमिकों के हित में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिला मुख्यालय बालोद के बुधवारी बाजार में श्रमिकों को मात्र 05 रूपये में भरपेट स्वादिष्ट एवं गरम भोजन मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के सुशासन में संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत श्रमिकों को किफायती दर पर बेहतर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला मुख्यालय बालोद के बुधवारी बाजार स्थित सब्जी मंडी परिसर में उक्त योजना के तहत कैंटिन का संचालन किया जा रहा है। जहाँ खाने में चावल, दाल, सब्जी, पापड़, सलाद, अचार और रायता परोसा जा रहा है। यहाँ श्रमिकों के बैठने व खाने की बेहतर व्यवस्था की गई है। कैंटिन में सप्ताह के सातों दिन के लिए मेन्यू के आधार पर अलग-अलग सब्जी व दाल बनाकर परोसा जाएगा। उक्त कैंटिन में पंजीकृत श्रमिक अपना श्रमिक कार्ड दिखाकर 05 रुपये में भरपेट भोजन कर सकते हैं तथा जिन श्रमिकों ने अभी तक अपना श्रमिक पंजीयन नही कराया है। वे भी कैंटिन में अपना श्रम पंजीयन करा सकते हैं। कैंटिन पहुँचे श्री जयप्रकाश ने कहा कि यह कैंटिन मजदूर वर्ग के लिए काफी मददगार साबित होगा। यहाँ मंडी में दूर-दूर से लोग आकर अपना सब्जी विक्रय करते हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग के लोग भी इस क्षेत्र में काम करते है। इन सभी को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत संचालित इस कैंटिन का भरपूर लाभ मिलेगा। यहाँ वे समय पर अपना काम खतम कर मा 05 रुपये में गरम स्वादिष्ट भोजन का लाभ ले सकते हैं। श्री जयप्रकाश ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि मजदूर वर्ग को किफायती दाम पर दोपहर का भोजन उपलब्ध कराने की यह योजना काफी मददगार साबित हो रही है। इसी प्रकार श्री हरीश कुमार ने कहा कि यहाँ आसपास के गांवों से लोग सब्जी बेचने और खरीदने आते है। उनके लिए यह बहुत अच्छी सुविधा है। अब वे यहाँ आकर भोजन का लाभ ले सकते हैं। उन्हें भोजन के लिए कही दूर जाना नही पड़ेगा। श्री तरूण साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय इस योजना का संचालन कर मजदूर वर्ग की सेवा करने का कार्य कर रहे हैं। यह योजना काफी सराहनीय है, 15-20 रुपये में लोग स्वल्पाहार करते थे, लेकिन इस योजना के तहत कैंटिन के संचालन से अब 05 रुपये में ही भरपेट भोजन कर पाएंगे।

कलेक्टर ने किया विज्ञान मेला प्रतियोगिता विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित

नारायणपुर(विश्व परिवार)। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधायों में विज्ञान मेला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने विज्ञान मेला प्रतियोगिता विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। विज्ञान टीम के साथ नोडल अधिकारी बी. डी. चांडक एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. लंकेश यशवंत भैसारे के मार्गदर्शन पर विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के पश्चात राज्य स्तरीय में चयन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवा महोत्सव सामुहिक विज्ञान मेला प्रतियोगिता का आयोजन खेल संचालनालय परिसर, साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित किया गया। विषय वेस्ट-टू-वेल्थ में महाविद्यालय के ऋषिराज देवांगन, पूर्विना सेठिया, लक्ष्मी पटेल, संतिला, सुमित्रा, खुशी देवांगन एवं सुकलु ने राज्य स्तरीय प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो सहित बीस हजार रूपए की पुरस्कार राशि प्राप्त किया। कलेक्टर ममगाईं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष नरेन्द्र मेश्राम, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम उपस्थित थे।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने किया पालना सह क्रेश केन्द्र का शुभारंभ

बीजापुर(विश्व परिवार)। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यरत महिला कर्मचारियों/कामकाजी महिलाओं के बच्चों के देखभाल के लिए कलेक्ट्रेट परिसर पर पालना सह क्रेश केन्द्र का शुभारंभ कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा किया गया। इस केन्द्र के माध्यम से कलेक्ट्रेट परिसर पर कामकाजी महिलाओं बच्चों का पोषण स्वास्थ्य संज्ञानात्क विकास के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार किया जाना है। पालना सह क्रेश केन्द्र के लिए अतिरिक्त क्रेश कर्मचारियों के भर्ती के लिए बीजापुर परियोजना से विज्ञापन भी जारी किया गया है पालना केन्द्र पर बच्चों के लिए मनोरंजन व खेल के समान रखा गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में पालना सह क्रेश केन्द्र खुलने से कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यरत कामकाजी महिलाओं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।

प्रभारी कलेक्टर ने बिहान की महिलाओं को साइबर धोखाधड़ी से बचने किया जागरूक

गरियाबंद(विश्व परिवार)। जिला पंचायत और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत स्वसहायता समूहों की दीदियों के लिए आज साइबर क्राइम और वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं और उनसे बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, एसडीओपी निशा सिन्हा, सहित बैंक एवं प्रशासन की टीम द्वारा समूह की महिलाओं को ऑनलाईन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के संबंध में जागरूक किया। कार्यशाला में मौजूद समूह की महिलाओं ने ऑनलाईन साइबर फ्रॉड से बचने के बताये गये उपायों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान यादव ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते की जानकारी एवं ओटीपी आदि को नहीं बताना चाहिए। मोबाईल पर आये अनजान लिंक एवं एप्लीकेशन को डाउनलोड नहीं करना चाहिए। इससे मोबाईल हैक होने एवं बैंक खाते से पैसे चोरी होने का खतरा रहता है। उन्होंने इस संबंध में समूह की महिलाओं को जागरूक करते हुए अपने बच्चों एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यशाला में दीदियों को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इस ऐप के जरिए वे सीधे पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। एसओएस बटन दबाने पर घर के किसी सदस्य को तुरंत अलर्ट संदेश पहुंच जाएगा। इसके अलावा, ट्रू-कॉलर एप्प के उपयोग के बारे में समझाया गया। रेड कलर से चिन्हित स्पैम कॉल्स को न उठाने और केवल ब्लू चिह्नित नंबरों पर भरोसा करने की सलाह दी गई। कार्यशाला में समूह की दीदियों को सतर्क रहने और कहीं भी अनियमित निवेश न करने की सलाह दी गई। साथ ही अनजान एपीके फॉर्मेट फाइल डाउनलोड करने से बचने को कहा गया, क्योंकि इससे फोन का पासवर्ड और अन्य निजी जानकारी चोरी होने का खतरा रहता है। साइबर अपराध से बचने के टिप्स- हर 15 दिन या महीने में अपने कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप्स का पासवर्ड बदलें। अनजान लिंक या संदेशों पर क्लिक न करें। निवेश करते समय प्रमाणित संस्थानों पर ही भरोसा करें। कार्यशाला के दौरान दीदियों ने साइबर अपराध और वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरूकता बढ़ाने की पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस जानकारी से दीदियां खुद के साथ-साथ अपने समूह और समुदाय को भी सुरक्षित रखेंगी। अपने मोबाईल को संबंधित बैंक में पंजीकृत करवायें। समय-समय पर खाता-पासबुक चेक करें। ओटीपी का उपयोग सावधानी पूर्वक करें। ओटीपी किसी से शेयर न करें। अपना पासवर्ड सुरक्षित रखें एवं समय-समय पर बदलते रहे। शंका होने पर बैंक से तथा बैंक के टोलफ्री नंबर पर संपर्क करें। कार्ड स्वेप मशीन का उपयोग स्वयं करें। पासवर्ड छुपाकर अकित करें। कार्ड उपयोग होने के उपरांत कार्ड को उल्टा कर पुन: स्वैप करें। एटीएम कार्ड खोने पर तत्काल बैंक को सूचित करें।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर शनिवार 18 जनवरी 2025

व्यापार समाचार

देश 'स्टार्टअप इंडिया' के 9 वर्ष पूरे होने का मना रहा जश्न, यह कार्यक्रम मेरे दिल के बेहद करीब : पीएम मोदी

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश 'स्टार्टअप इंडिया' के 9 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। पीएम मोदी ने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' ने इनोवेशन और विकास को फिर से परिभाषित किया है और यह कार्यक्रम उनके दिल के काफी करीब है। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आज, हम स्टार्टअप इंडिया के 9 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह एक ऐतिहासिक पहल है जिसने इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और विकास को फिर से परिभाषित किया है। यह कार्यक्रम मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह युवा सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने का एक शक्तिशाली तरीका बनकर उभरा है। पिछले नौ वर्षों में, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके इनोवेटिव आइडिया को सफल स्टार्टअप में बदल दिया है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के रूप में यह अवसर एक मजबूत और समावेशी उद्यमशीलता इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में देश की प्रगति का जश्न मनाता है। भारत सरकार की एक प्रमुख पहल के रूप में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया का उद्देश्य इनोवेशन को बढ़ावा देना है और देश भर में स्टार्टअप के विकास को गति देना है। हाल ही में दी गई आधिकारिक जानकारियों के अनुसार, 15 जनवरी, 2025 तक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त 1.59 लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ, भारत ने खुद को दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। 100 से अधिक यूनिकॉर्न द्वारा संचालित यह वाइब्रेंट इकोसिस्टम वैश्विक मंच पर इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को फिर से परिभाषित करना जारी रखता है। 'स्टार्टअप इंडिया' को लेकर बेंगलुरू, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख केन्द्रों ने एक बड़े परिवर्तन का नेतृत्व किया है, जबकि छोटे शहरों ने देश की उद्यमशीलता की गति में तेजी से योगदान दिया है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन: स्वीयाटेक तीसरे राउंड में, राडुकानू से भिड़ेंगी

मेलबर्न(एजेंसी)। इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अपेक्षाकृत हल्की और हवादार परिस्थितियों में, स्वीयाटेक ने 16 विनर्स लगाए और 14 अनफोर्स्ड एरर किए और उन्हें ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कोर्ट पर दबदबा बनाया और 26 रैलियों में से 20 में जीत हासिल की, जो पांच शॉट या उससे अधिक समय तक चलीं। स्वीयाटेक ने कहा, मैंने आज वास्तव में ठोस महसूस किया। यह वास्तव में एक कुशल खेल था। मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा क्योंकि कभी-कभी आपको लगता है कि यह थोड़ा आसान लगता है और यह बाद में समस्या पैदा कर सकता है क्योंकि आपका ध्यान भटक सकता है, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा और मैं ठोस थी। स्वीयाटेक ने अब ग्रैंड स्लैम में पहले दो राउंड में अपने पिछले 40 मैच जीते हैं। स्रामकोवा के खिलाफ उनका पहला सेट 2020 की शुरुआत से ग्रैंड स्लैम में उनका 24वां 6-0 सेट है। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, आर्यना सबालेंका नौ सेट के साथ इस अवधि में अगली सर्वश्रेष्ठ हैं। तीसरे दौर में स्वीयाटेक 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू से भिड़ेंगी। राडुकानू अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ दूसरे दौर में एक कठिन ड्रॉ से गुज़रीं, दोनों सेटों में ब्रेक डाउन से वापस आकर 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और पहली बार मेलबर्न पार्क में तीसरे दौर में जगह बनाई। स्वीयाटेक 61वें नंबर की राडुकानू के खिलाफ़ अपराजित हैं, उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए पिछले तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। उनका आखिरी मुकाबला पिछले साल स्टटगार्ट में क्ले पर हुआ था। क्वार्टर फ़ाइनल में स्वीयाटेक ने 7-6(2), 6-3 से जीत हासिल की। स्वीयाटेक ने तीसरे राउंड तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया है, और मेलबर्न के बाद सबालेंका से डब्ल्यूटीए रैंकिंग नंबर 1 को फिर से हासिल करने की उनकी कोशिश पर उनकी प्रगति का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

फिट्ज, डी मिनौर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे

नईदिल्ली(एजेंसी)। शीर्ष आठ खिलाड़ियों में शामिल टेलर फ्रिट्ज़ और एलेक्स डी मिनौर दोनों ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में तेज़ी से प्रवेश किया। 5वें दिन के मध्य में एक दूसरे से 60 सेकंड के भीतर अपने मैच समाप्त करने वाले चौथी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज़ ने चिली के क्वालीफ़ायर क्रिस्टियन गारिन पर एक घंटे और 22 मिनट में 6-2, 6-1, 6-0 की जीत में सिर्फ़ तीन गेम गंवाए जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त और घरेलू पसंदीदा डी मिनौर ने अमेरिकी क्वालीफ़ायर ट्रिस्टन बॉयर को सिर्फ़ दो घंटे से कम समय में 6-2, 6-4, 6-3 से हराया। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में चौथे स्थान पर, यूएस ओपन और निट्टो एटीपी फाइनल्स के उपविजेता फ्रिट्ज़ ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपनी सर्वोच्च वरीयता पर खेल रहे हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0778-2323633, E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

// शुद्धि पत्र क्रमांक - 1//

इस कार्यालय की निविदा सूचना क्र. 08/तशा/दुर्ग, दिनांक 20.12.2024 सिस्टम क्र. 162699 में शून्य प्रतिभागी होने के कारण समय सारणी वृद्धि करते हुए निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

निविदा सूचना क्रमांक / दिनांक	सिस्टम क्रमांक	संशोधित वेब पोर्टल में निविदा देखे जाने संबंधी तिथि	संशोधित बिड सबमिशन की अंतिम तिथि एवं समय
08/20.12.2024	162699	20.01.2025 को 10.30 से	26.01.2025 को 17.30 तक

टीप :- निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत यथावत रहेगी।

जी- 242505431/2

कार्यापालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
दुर्ग (छ.ग.)

रावल तेजी से रन बना सकती हैं और रक्षात्मक भूमिका भी निभा सकती हैं

नईदिल्ली(एजेंसी)। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने अपने वनडे करियर की बेहतरीन शुरुआत की है। किसी भी महिला खिलाड़ी ने अब तक अपने वनडे करियर की शुरुआत के पहले छह मैचों में रावल से ज़्यादा रन नहीं बनाए हैं - 74 की औसत के साथ 444 रन। अगर पुरुष और महिला खिलाड़ियों की बात की जाए तो पहले छह मैचों में प्रतिका से बेहतर आंकड़े सिर्फ़ दक्षिण अफ़्रीका के जानेमन मलान के नाम है। रावल ने बुधवार को आयरलैंड के ख़िलाफ़ सिर्फ़ 129 गेंदों में 154 रन बनाए और स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 233 रनों की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाज़ों की इस साझेदारी और रावल की दर्शनीय पारी ने कई कीर्तिमान बनाए और शायद इसी कारण से भारतीय महिला टीम ने वनडे में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर (435-5) बनाने में सफल रही। इस सीरीज़ में हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में मंधाना भारतीय टीम की कप्तानी संभाल रही थीं। उन्होंने मैच के बाद रावल की जमकर तारीफ़ की और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उनकी सबसे बड़ी ताक़त बताया। मंधाना ने रावल के बारे में कहा, जिस तरह से वह बल्लेबाज़ी कर रही हैं, उससे मैं वास्तव में खुश हूं। मुझे लगता है कि उनके पास शांत स्वभाव है, वह जानती हैं कि वह क्या कर रही हैं। उनके पास दोनों तरह का खेल है - जहां वह तेज़ी से रन बना सकती हैं और रक्षात्मक भूमिका भी निभा सकती हैं, जो एक बल्लेबाज़ के लिए बहुत शानदार है। वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ पहले वनडे (पिछले महीने) से लेकर अब तक उनका प्रदर्शन देखना वाकई सुखद है। वह विकेटों के बीच अच्छी दौड़ लगाती हैं। सिंगल्स को डबल्स में बदल देती हैं, जो वनडे क्रिकेट में हमेशा मददगार होता है। इसलिए मैं उनके लिए बहुत खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि वह अपनी फ़ॉर्म जारी रखें, क्योंकि यह हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साल है (भारत अगस्त-सितंबर में वनडे वर्ल्ड कप की मेज़बानी करेगा)। भारत की बल्लेबाज़ों ने आयरलैंड के ख़िलाफ़ सीरीज़ में बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले वनडे में 239 रन का लक्ष्य 35 ओवरों से पहले हासिल किया और दूसरे वनडे में 370 रन बनाए। इसके बाद बुधवार को रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन ने सबको हैरान कर दिया। मंधाना ने यह माना कि राजकोट की पिच ऐसी थी, जहां बल्लेबाज़ अपनी पूरी आज़ादी के साथ शॉट खेल सकते थे। उन्होंने कहा, मैं तो इस विकेट को हर जगह अपने साथ ले जाना चाहूंगी, लेकिन बतौर कप्तान यह थोड़ा मुश्किल है। यह गेंदबाज़ों के लिए कठिन विकेट है। लेकिन मेरे लिए यह बहुत स्पष्ट था कि मुझे अपनी पसंद के शॉट खेलने थे, क्योंकि हर दिन ऐसा मौक़ा नहीं मिलता। कई बार परिस्थितियों का सम्मान करना पड़ता है और उसी के अनुसार खेलना पड़ता है, लेकिन ऐसी पिच और तेज़ आउटफ़ील्ड पर अगर गेंद आपके स्लॉट में है, तो आपको शॉट लगाना चाहिए। रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद भारत ने उसे शानदार तरीके से डिफ़ेंड किया। स्पिनर्स दीप्ति शर्मा, तनुजा कंवर और मिन्नू मणि ने छह विकेट साझा किए और आयरलैंड को 131 रन पर समेट दिया। 304 रनों की जीत भारत की वनडे में सबसे बड़ी जीत थी। पहले दो वनडे में आयरलैंड ने 50 ओवर पूरे खेले थे, लेकिन मंधाना का मानना था कि भारतीय गेंदबाज़ पहले दो मैचों में भी उतने ही अच्छे थे। तीसरे वनडे में स्पिनर्स को थोड़ी और मदद मिली।

महान कप्तान हैं रोहित शर्मा, आकाश दीप ने हिटमैन को लेकर दिया दिल जीतने वाला बयान

नईदिल्ली(एजेंसी)। रोहित शर्मा एक बेहतरीन कप्तान हैं और उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी उठाई और अब चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम की कमान संभालने वाले हैं. इस बीच उनके साथ खेलने वाले एक खिलाड़ी ने रोहित की कप्तानी की जमकर तारीफ की है. उसका कहना है की रोहित एक महान कप्तान हैं. टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा अपकमिंग चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कमान संभालने को तैयार हैं. भले ही अब तक टीम का ऐलान ना हुआ हो, लेकिन तय ही माना जा रहा है की हिटमैन ही अपकमिंग सीरीज में टीम इंडिया की कमान संभालेंगे. अब टेस्ट टीम का हिस्सा आकाशदीप ने रोहित शर्मा को लेकर एक बयान दिया है, जो इस वक्त क्रिकेट के गलियारों में काफी चर्चा में है. उन्होंने हिटमैन को महानतम कप्तान करार दिया है. भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कहा, रोहित भाई महानतम कप्तान हैं. मैं रोहित भाई की कप्तानी में खेलने के लिए बहुत लकी समझता हूं. वह चीजों को बहुत ईजी रखते हैं और खिलाड़ियों की बहुत मदद करते हैं. रोहित शर्मा इस वक्त खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने 3 मैच खेले, जिसमें वह सिर्फ 30 रन ही बना पाए. इसके बाद बीसीसीआई ने रोहित को घरेलू क्रिकेट खेलकर फॉर्म हासिल करने की सलाह दी और उन्होंने उस सलाह को मान लिया. 23 जनवरी से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी में रोहित मुंबई की ओर से खेलते नजर आने वाले हैं. उन्होंने हाल ही में वानखेड़े स्टेडियम में प्रैक्टिस मैच भी खेला. हालांकि वहां भी उनका बल्ला खामोश रहा और वह सिर्फ 16 रन बनाकर ही आउट हो गए.

सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार में तेजी

मुंबई(एजेंसी)। गाजा में जंग खत्म होने की उम्मीद के साथ सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सुबह करीब 9.22 बजे सेंसेक्स 433.66 अंक या 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,157.74 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 135.95 अंक या 0.59 प्रतिशत चढ़कर 23,349.15 पर कारोबार कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,175 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 139 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। निफ्टी बैंक 526.50 अंक या 1.08 प्रतिशत बढ़कर 49,278.20 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 774.70 अंक या 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,673.70 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 282.90 अंक या 1.63 प्रतिशत चढ़कर 17,636.85 पर था। जानकारों के अनुसार, अमेरिका के मैक्रो संकेतकों से पता चलता है कि जैसे-जैसे डोनाल्ड ट्रंप का शपथ ग्रहण नजदीक आ रहा है, ट्रंप ट्रेड पीक पर पहुंच गया है और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और डॉलर इंडेक्स में गिरावट इसके संकेत हैं। मार्केट वॉचर्स के अनुसार, डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड यील्ड में यह गिरावट अमेरिका में अपेक्षा से कम सीपीआई मुद्रास्फीति के कारण आई है, जिससे इस वर्ष फेड द्वारा और अधिक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें फिर से बढ़ गई हैं। गाजा में संघर्ष के समाप्त होने की उम्मीद एक और बड़ी राहत है। यह वैश्विक पृष्ठभूमि बाजार के लिए सकारात्मक है।

रियलमी ने 22,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर-चेंजिंग फोन, रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च किया

रायपुर। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो+ 5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफ़ोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाईनर्स के सहयोग से बनाया गया है। इनके साथ दुनिया में पहले कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफ़ोंस की शुरुआत हो रही है। इस नई रियलमी नंबर सीरीज़ का सबसे पहला स्मार्टफ़ोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी है, जिसका उद्देश्य फ्लैगशिप फीचर्स को मिड-रेंज स्मार्टफ़ोंस में लेकर आना और अत्याधुनिक डिज़ाईन, इमेजिंग एवं परफ़ॉर्मेंस प्रदान करना है। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी उद्योग में कई नई पहल करने वाली एक अत्याधुनिक डिवाईस है। इसमें दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफ़ोन हैं। तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने पर ये दोनों मॉडल अपना रंग बदल लेते हैं, और पर्ल व्हाईट से वाईब्रेंट ब्लू में बदल जाते हैं। तापमान बढ़ने पर इनका रंग फिर से बदल जाता है। यह ब्रांड इस सेगमेंट में पहली बार स्वेड लैदर पेश कर रहा है, जो स्किन-फ्रेंडली टच के साथ एक ठोस एवं आरामदायक टैक्सचर प्रदान करता है। रियलमी ने इन स्मार्टफ़ोंस के अलावा, रियलमी बड्स वायरलेस 5 एएनसी का लॉन्च भी किया है। ये वायरलेस ईयरबड बेहतर साउंड क्वालिटी के साथ सुगम यूज़र अनुभव प्रदान करते हैं, और ब्रांड की हाई-क्वालिटी ऑडियो डिवाईसेज़ का विस्तार कर रहे हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ और रियलमी बड्स वायरलेस 5एएनसी लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने और ग्राहकों को उद्योग के सर्वोत्तम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। ये स्मार्टफ़ोन कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग टेक्नोलॉजी के साथ आने वाले दुनिया के पहले स्मार्टफ़ोन हैं। इनमें स्नैपड्रैगन 7एस जेन 3 प्रोसेसर लगा है। अपने इन अत्याधुनिक स्मार्टफ़ोंस के साथ हम रियलमी बड्स वायरलेस 5 एएनसी भी पेश कर रहे हैं, जो सुगम यूज़र अनुभव के लिए बेहतरीन साउंड क्वालिटी के साथ आ रहे हैं।'' रियलमी 14 प्रो+ 5जी दुनिया की पहली कोल्ड-सेंसिटिव कलर-चेंजिंग डिवाईस है। यह इनोवेटिव डिज़ाईन के साथ एक अत्याधुनिक स्मार्टफ़ोन है।

बेजोड़ सुरक्षा : स्कोडा काइलैक को भारत एनसीएपी कैश टेस्ट में 5- स्टार रेटिंग मिली

रायपुर। स्कोडा ऑटो इंडिया की पहली सब-4 मीटर एसयूवी, काइलैक ने भारत एनसीएपी (न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम) में प्रतिष्ठित 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। काइलैक भारत एनसीएपी टेस्ट में भाग लेने वाली पहली स्कोडा गाड़ी बन गई है, जिसने कुशाक और स्लाविया द्वारा स्थापित सेफ्टी एक?सीलेंस की ब्रांड की विरासत को जारी रखा है। स्कोडा ऑटो इंडिया की दोनों 2.0 कारों ने वयस्क और बच?चों की सुरक्षा दोनों के लिए अपनी कैटेगरी में ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, सुरक्षा स्कोडा के डीएनए में निहित है और 2008 से प्रत्येक स्कोडा कार का वैश्विक स्तर पर और भारत में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग के साथ क्रैश-टेस्ट किया गया है। स्कोडा ऑटो, 5-स्टार सुरक्षा-रेटेड कारों के बेड़े के साथ भारत में कार सेफ्टी अभियान का नेतृत्व कर रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी टेस्ट के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड हैं। अब हमारी बिल्कुल नई सब-4-मीटर एसयूवी काइलैक ने भारत एनसीएपी परीक्षण में अपने सेगमेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। काइलैक व्यापक सुरक्षा प्रणालियों के साथ आती है जिसमें मानक के रूप में छह एयरबैग सहित एक्टिव और पैसिव सेफ्टी फीचर्स की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। यह रेटिंग भारतीय सड़कों पर यूरोपीय टेक?नोलॉजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। इसमें एक मूल आधार शामिल है जिस पर कार का निर्माण किया जाना चाहिए और वह है सेफ्टी। स्कोडा काइलैक, पैसेंजर सेफ्टी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिसमें सभी वैरिएंट में मानक के रूप में 25 से अधिक एक्टिव और पैसिव सुरक्षा तकनीकें शामिल हैं।

रियलमी ने 22,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर-चेंजिंग फोन, रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च किया

रायपुर। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो+ 5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफ़ोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाईनर्स के सहयोग से बनाया गया है। इनके साथ दुनिया में पहले कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफ़ोंस की शुरुआत हो रही है। इस नई रियलमी नंबर सीरीज़ का सबसे पहला स्मार्टफ़ोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी है, जिसका उद्देश्य फ्लैगशिप फीचर्स को मिड-रेंज स्मार्टफ़ोंस में लेकर आना और अत्याधुनिक डिज़ाईन, इमेजिंग एवं परफ़ॉर्मेंस प्रदान करना है। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी उद्योग में कई नई पहल करने वाली एक अत्याधुनिक डिवाईस है। इसमें दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफ़ोन हैं। तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने पर ये दोनों मॉडल अपना रंग बदल लेते हैं, और पर्ल व्हाईट से वाईब्रेंट ब्लू में बदल जाते हैं। तापमान बढ़ने पर इनका रंग फिर से बदल जाता है। यह ब्रांड इस सेगमेंट में पहली बार स्वेड लैदर पेश कर रहा है, जो स्किन-फ्रेंडली टच के साथ एक ठोस एवं आरामदायक टैक्सचर प्रदान करता है। रियलमी ने इन स्मार्टफ़ोंस के अलावा, रियलमी बड्स वायरलेस 5 एएनसी का लॉन्च भी किया है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 16.01.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 04.02.2025 है।

एन.आई.टी क्र/ निविदा क्रं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 427 Tender No. 164414	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 02 मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य। 1. बलौदाबजार रिसदा बाईपास मार्ग लं. 4/2 से 6/10 = 3.00 किमी. 2. बलौदाबाजार रिसदा सिमगा बाईपास मार्ग लं. 7/2 से 8/10 = 2.00 किमी. (कुल लं. 48.60 किमी)	रू. 39.90 लाख
NIT NO. 428 Tender No. 164415	जिला न्यायालय परिसर धमतरी के बाउंड्रीवॉल की ऊँचाई 7 फीट किये जाने एवं उसके ऊपर सुरक्षा तार वायर फेसिंग का कार्य।	रू. 26.06 लाख
NIT NO. 429 Tender No. 164416	व्यवहार न्यायालय परिसर नगरी के बाउंड्रीवॉल की ऊँचाई 7 फीट किये जाने एवं उसके ऊपर सुरक्षा तार वायर फेसिंग का कार्य।	रू. 24.03 लाख
NIT NO. 430 Tender No. 164417	जिला महासमुन्द के उपसंभाग पिथौरा के विकासखण्ड बसना अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।	रू. 44.66 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

जी- 242505398/2

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 19 जनवरी को

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में रविवार 19 जनवरी, 2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से कैबिनेट की बैठक मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित की गई है।

संक्षिप्त समाचार

अमृत मिशन 2.0 : निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण

आरंग समोदा (विश्व परिवार)। नगर पंचायत समोदा मे नगरीय प्रशासन विभाग से संयुक्त संचालक लोकेश्वर साहू के द्वारा निर्माण कार्यो की औचक निरीक्षण किया गया नगर पंचायत की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मंजुला मिश्रा के द्वारा अमृत मिशन 2.0 के तहत जल प्रदाय योजना हेतु निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं अन्य निर्माण कार्यो का निरीक्षण. कराया गया किया गया निरीक्षण के दौरान उच्च गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री का उपयोग करने व जल्द पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मंजूला मिश्रा, कृपाराम बर्मन उप अभियंता, नंदकिशोर चौधरी एवं अमृत मिशन 2.0 की ओर से वीरेंद्र भगत एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

राँची रेल मण्डल के विभिन्न सेक्शनों के मध्य अधोसंरचना कार्य हेतु पावर ब्लॉक लिया जायेगा, फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मण्डल के राँची-टोरी सेक्शन के मध्य पावर ब्लॉक लेकर अधोसंरचना से जुड़े कार्य किये जायेंगे। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

रद्द होने वाली गाडियां- दिनांक 19 जनवरी से 01 फरवरी 2025 तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 20 जनवरी से 02 फरवरी 2025 तक टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां- दिनांक 25 जनवरी 2025 को मालदा टाउन से चलने वाली गाड़ी संख्या 13525 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कोटशिला-मुरी-चांडिल-सीनी-राउरकेला मार्ग होकर सूरत जाएगी। 21 एवं 28 जनवरी 2025 को रक्सौल से चलने वाली गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कोटशिला-मुरी-चांडिल-सीनी-राउरकेला मार्ग होकर सिकंदराबाद जाएगी।

स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए अस्पताल प्रबंधन आवश्यक : डॉ. सहाय

रायपुर (विश्व परिवार)। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा अस्पताल प्रबंधन और विकसित भारत 2047 विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजय सहाय ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में अस्पताल प्रबंधन में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अच्छे अस्पताल प्रबंधक तैयार करने होंगे। अस्पताल की विश्वसनीयता उसमें काम करने वाले चिकित्सक और प्रबंधकीय टीम से होती है। अस्पताल में प्रबंधक का कार्य है कि वह मरीजों को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएँ बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जीवनचर्या में असंतुलन होने के कारण स्वास्थ्यगत समस्याएँ होने लगती हैं, जो बाद में गंभीर बीमारी का रूप धारण कर लेती हैं। इसलिए हमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना और संतुलित जीवन जीना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पेशे को व्यवसाय नहीं, बल्कि लोगों की मूलभूत आवश्यकता बनाना चाहिए।

ऑटो एक्सपो में दो दिन में 3 हजार से अधिक वाहनों की बिक्री

एक दिन में सर्वाधिक बिक्री का पिछले एक्सपो का रिकार्ड टूटा ● शुरुआती रूझान से लग रहा 20 हजार का टारगेट हो जायेगा पार

रायपुर (विश्व परिवार)। ऑटो एक्सपो में पहले दो दिन की बिक्री से आटोमोबाइल्स डीलर गदगद नजर आ रहे हैं। उम्मीद से कहीं अधिक रिस्पांश मिल रहा है। पहले दिन 1550 वाहनों की बिक्री हुई और दूसरे दिन 1500 इस लिहाज से माने तो दो दिन में 3 हजार वाहनों की बिक्री मतलब अब तक के एक्सपो में सर्वाधिक बिक्री का रिकार्ड ब्रेक हो गया। पिछले साल एक्सपो में एक दिन में सबसे ज्यादा बिक्री हुई थी 1411 वाहनों की, इस लिहाज से माने तो जो एक माह में 20 हजार वाहन बिक्री का लक्ष्य लेकर चल रहे थे आसानी से पूरा हो जायेगा बल्कि एक नए रिकार्ड स्थापित कर के जायेगा यह एक्सपो।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा साइंस कालेज मैदान में आयोजित देश के सबसे बड़े ऑटो एक्सपो के उद्घाटन अवसर पर जैसे कि मुख्य अतिथि की आसंदी से मुख्यमंत्री साय ने कहा था इस बार किसानों के पास पैसा ज्यादा आया है तो निश्चित रुप से एक्सपो में 20 हजार से अधिक वाहन बिकेंगे और यह सच साबित होता दिख रहा है। राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि यह एक्सपो यादगार बन जायेगा। एक ही प्लेटफार्म पर दोपहिया, चार पहिया, ट्रैक्टर व कमर्शियल व्हीकल्स के विभिन्न माडल उपलब्ध हैं, मतलब चयन का विकल्प कस्टमर के पास पूरा-पूरा है। सरकार द्वारा आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट से एक अच्छी बचत का फायदा भी मिल रहा है। शुरुआती रूझान बता रहा है कि इस बार छत्तीसगढ़ के व्हीकल्स कस्टमर जमकर खरीदी करने के मूड में हैं। ऑटो एक्सपो के आयोजन का यह समय भी सर्वाधिक उपयुक्त है। तभी तो दो दिन में 3 हजार से अधिक वाहन बिक गए।

बिक्री का यही रफ्तार रहा है तो रोड टैक्स व जीएसटी में भी अच्छा खासा इजाफा होगा। मतलब सरकार, डीलर्स व कस्टमर तीनों के लिए फायदेमंद है ऑटो एक्सपो। पूरे प्रदेश भर के ऑटो डीलर्स इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल्स कंपनियां मार्फत डीलर जो एक्सपो पर अपनी ओर से सौगात दे रहे हैं उससे आरटीओ को छोड़कर टू व्हीलर में 1000 से 5000 और फोर व्हीलर में 15 हजार से 2 लाख का लाभ भी मिल रहा है। कई तो शून्य प्रतिशत फाइनेंस की सुविधा दे रहे हैं, मतलब वाहन खरीद सकते हैं शत प्रतिशत फाइनेंस पर, वहीं कुछ कंपनियों में नामिनल पैसा देकर बाकी फाइनेंस करा रहे हैं। वाहनों के हर नए माडल भी एक्सपो में उपलब्ध हैं।

ऐसे बनता है विश्व परिवार : सुनील जैन सांधेलिया

दैनिक विश्व परिवार के प्रधान संपादक एवं परिवार के आधार स्तंभ स्वरूप आदरणीय श्री प्रदीप जी जैन के साथ एक बार हम यात्रा पर थे। एयर पोर्ट पर लगेज चैकिंग के दौरान आपके बैग को अलग करके सेक्युरिटी ऑफीसर छानबीन करने लगा। उसे आपके बैंग में चाकू होने का संदेह था। अपनी गतिविधि में आपके अनुत्साह को देखकर वह ऑफीसर गरम हो गया । अंतत: उसने आपके बैग से चाकू निकाल ली। चाकू चली जाने से आप लंबे समय तक खेदखिन्न रहे।

इस दरम्यान मेरे मन में विचार आ रहे थे कि आप जैसा दानवीर व्यक्तित्व जो सतत लाखों-लाख रूपए दान करते रहते हैं वह चाकू जैसी मामूली सी चीज के लिए इतना अधिक परेशान क्यों हो रहे हैं? सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले आप जैसे सज्जन पुरुष एक चाकू के लिए नियम विरुद्ध कार्य में बिल्कुल संकोच नहींकर रहे हैं । प्रतिकूलतम कठिन परिस्थितियों में भी शांतचित्त रहने वाला सुदृढ़ पौरुष आज इतना उग्र क्यों हुआ जा रहा है?

कुछ सह समय पश्चात जब आपके सुपुत्र प्रियेश से सहज ही इस विषय पर वार्ता हुई तो उन्होंने बतलाया कि वह मम्मी का प्रिय चाकू था। विश्व परिवार का यह मुखिया न केवल अपनी धर्मपत्नी की भावनाओं को इस हद तक महत्व देता है अपितु प्रत्येक रिश्ते को रिश्ते की जड़ तक जाकर खाद-पानी देता है। यह घटना संकेत करती है कि यदि आप लीड रोल में हों तो विश्व को ही परिवार बना दें तो कोई अतिशयोक्ति न होगी।

आज आपके जन्मदिवस के इस अवसर पर आपके स्वस्थ, सुखी एवं पूर्णायु होने की अभिलाषा रखता हूं।

-ब्रह्मचारी सुनील जैन सांधेलिया जी, डीजीएम बीएसएनएल रायपुर

आवास एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी जी तीखे तेवर

सीके ठाकुर और नीरज ठाकुर पर गिरी निलंबन की गाज

ठेकेदार पर भी कार्यवाही, जारी हुआ ब्लैक लिस्ट करने की नोटिस

रायपुर (विश्व परिवार)। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता सी. के. ठाकुर और सहायक अभियंता नीरज ठाकुर को निर्माण कार्य में अनियमितताएँ पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, ठेकेदार मेसर्स एन. के. कंस्ट्रक्शन दुर्ग को भी ब्लैकलिस्ट करने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को सहन नहीं किया जाएगा।

बीजापुर जिले के भैरमगढ़, भोपालपट्टम और उसूर (आवापल्ली) ब्लॉकों में ब्रष्ट आवास भवनों के निर्माण कार्यों में मिली शिकायतों के बाद मुख्यालय स्तर पर जांच की गई। जांच में वित्तीय अनियमितताएँ और कार्यों में विलंब पाया गया, जिसके बाद ठेकेदार मेसर्स एन. के. कंस्ट्रक्शन दुर्ग के पंजीकरण को निरस्त करने नोटिस जारी किया गया है। यह भी खुलासा हुआ कि मेसर्स एन. के. कंस्ट्रक्शन को कार्य से अधिक का आखिरी भुगतान पूर्व शासनकाल में किया गया था। ठेकेदार को उस कार्य का भी भुगतान कर दिया गया था जो कार्य उसके द्वारा किया ही नहीं गया है।

पारदर्शिता और सुशासन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त श्री कुंदन कुमार (ट्रूस) ने निलंबन आदेश जारी किया ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर शासकीय आवास उपलब्ध हो सकें।

कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ की 5th वार्षिक कार्यशाला 18 और 19 जनवरी को

रायपुर (विश्व परिवार)। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा इस वर्ष 5th वार्षिक कांफ्रेंस CG CSICON 2025 का आयोजन 18-19 जनवरी को hotel babylon capital में किया गया है। कार्डियोलजी सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ. एस एस मोहंती और सेक्रेटरी डॉ. निखिल मोतिरमानी ने बताया इस कांफ्रेंस में देशभर से मिला के कुछ 400 से अधिक डॉक्टर्स की उपस्थिति होनी है। आजकल बढ़ते हुए हृदय रोग और उनके आधुनिक इलाज की चर्चा इस दौरान यहाँ गोष्ठि में होगी। नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. पीसी रथ इसमें शामिल होके अधुनकी एंजियोप्लास्टी के बारे में चर्चा करेंगे। इसके अलावा दिल्ली, मुंबई हैदराबाद और कोलकत्ता से भी पूरे देश विदेश ख्याति प्राप्त डॉक्टर्स इसमें सम्मिलित होंगे जिनमे डॉ. पी सी मनोरिया, डॉ. पी के हजरा, डॉ. अमित वोरा, डॉ. बी वी पुरोहित और आदि लोग शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से डॉ. सतीश सूर्यवंशी डॉ. स्मित श्रीवास्तव डॉ. जावेद अली खान डॉ. प्रणय जैन डॉ. स्नेहिल गोस्वामी डॉ. मनोज गुप्ता और अन्य भी इसमें अपनी चर्चाएँ प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान आने वाले समय में एंजियोप्लास्टी को और आधुनिक और अन्य तरीकों की चर्चायो से हमारे प्रदेश के मरीजों को फायदा मिलेगा ताकि सारी बाहरी तकनीक यहाँ प्रदेश में ही उपलब्ध है।

प्रेस क्लब में जीवन प्रबंधन एवं विपश्यना ध्यान कार्यक्रम आज

रायपुर (विश्व परिवार)। पत्रकारों/मीडिया से जुड़े लोगों को विपश्यना ध्यान के विविध आयामों से परिचित कराने के लिए आनापान ध्यान के व्यवहारिक अभ्यास से लाभांवित करने हेतु प्रेस क्लब सभागार रायपुर में 18 जनवरी को अपराह्न 2 बजे से शाम 4 बजे तक जीवन प्रबंधन एवं विपश्यना ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ में स्थित चार विपश्यना ध्यान केंद्रों के आचार्य श्री सीताराम साहू करेंगे। इसके साथ ही वयस्कों के लिए 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर, 8 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए बाल आनापान ध्यान शिविर, 15 से 19 वर्ष के किशोरियों के लिए विपश्यना ध्यान शिविर के बारे में जानकारी देंगे तथा विपश्यना ध्यान के प्रथम सोपान आनापान ध्यान का अभ्यास करवाएंगे। विपश्यना ध्यान के विविध आयाम के कारण भारत सरकार के अनेक उपक्रम, अनेक राज्य सरकार एवं निजी संस्थान अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर में भेज रहे हैं। भारतीय परंपरा के अनुरूप विपश्यना साधना नि:शुल्क सिखाई जाती है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय, उपाध्यक्ष सन्दीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई एवं संयुक्त सचिव तृप्ति सोनवी व अरविंद सोनवानी ने सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

रिपब्लिक डे एट होम कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अतिथियों के आमंत्रण पत्र का वितरण

रायपुर (पीआईबी)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिपब्लिक डे एट होम 2025 नई दिल्ली में भाग लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से देशभर से लगभग 250 प्रतिष्ठित अतिथितियों तथा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को राष्ट्रपति द्वारा आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ के अतिथियों के आमंत्रण पत्र का डाक विभाग, छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा वितरण किया गया है। निमंत्रण कार्ड को अशोक चक्र के साथ एक बॉक्स में पैक किया गया है, जो राष्ट्रपति के निमंत्रण का प्रतीक है और इसमें कुछ हस्तनिर्मित सामग्री भी है। छत्तीसगढ़ के अतर्गत श्री कमल नारायण साहू, तेलीबांधा, जिला रायपुर, श्रीमती हेमलता मनहार, नवागढ (जांजगीर चांपा), श्रीमती मधुलिका रामटेके, पनेका (राजनांदगाँव) एवं श्रीमती जगतीन बाई, पंडरिया (कबीरधाम) के नाम से निमंत्रण कार्ड प्राप्त हुए थे।

कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में शानदार प्रदर्शन किया



रायपुर (विश्व परिवार)। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर, अपने छात्रों श्री मसूद अहमद (एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर, बैच 2023-2025) और श्री कृष्णा कलवानी (बी.एड. प्रथम सेमेस्टर) की उल्लेखनीय उपलब्धियों की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है, जिन्होंने प्रतिष्ठित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के नेतृत्व में युवा मामले विभाग द्वारा 10-12 जनवरी 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान किया, जो देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की अधिक भागीदारी के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप था। इसने युवा नेताओं को नीति निर्माताओं, राष्ट्रीय और वैश्विक हस्तियों के साथ सीधे जुड़ने तथा देश के भविष्य को आकार देने के लिए अपने विचारों का योगदान देने का अवसर प्रदान किया। देश भर के युवा नेताओं ने विकसित भारत के अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें लगभग 30 लाख युवाओं ने भाग लिया।

देश भर के 30 लाख प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, श्री मसूद अहमद ने सामाजिक संकेतकों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण विषय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि श्री कृष्णा कलवानी ने भारत को पूर्णत: स्थायी भविष्य की ओर ले जाना विषय पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। दोनों छात्र तीन चरणों की कठोर चयन प्रक्रिया से गुजरे, जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण और नेतृत्व मूल्यांकन परीक्षा शामिल थी, जिसमें उन्होंने अपनी बुद्धि और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी द्वारा आयोजित एक समारोह में दोनों को सम्मानित किया गया, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साईं जी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। उनकी यात्रा माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ एक प्रेरणादायक बातचीत के साथ समाप्त हुई, जहां उन्होंने दिल्ली के भारत मंडपम में नेतृत्व और मार्गदर्शन गतिविधियों में भाग लिया।

श्री मसूद और श्री कृष्णा ने माननीय प्रधान मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया जी- युवा और खेल मामलों के मंत्री और वरिष्ठ नेतृत्व, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव और एनएसएस प्रभारी श्रीमती हर्षा शर्मा को उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ की जनता श्री मसूद और श्री कृष्णा को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हैं और उन्हें और भी अधिक सफलताएं प्राप्त करने की शुभकामनाएं देते हैं। ये उपलब्धियां समग्र विकास और छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के प्रति छत्तीसगढ़ के समर्पण को दर्शाती हैं।

छत्तीसगढ़ राइस एक्सपोर्टर्स एसोशिएशन का दो दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ राइस एक्सपोर्टर्स एसोशिएशन (टीआरईसीजी) ने भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत स्थापित वैधानिक निकाय कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के सहयोग से 10-11 जनवरी 2025 को मैरा रिसार्ट और कन्वेंशन सेंटर, रायपुर (छ.ग.) में गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2 दिवसीय सम्मेलन और एक्सपो का अयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से केन्द्रीय भारत और छत्तीसगढ़ राज्य से गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देना था।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में गैर बासमती चावल के प्रमुख निर्यातकों और वैश्विक खरीददारों, नीति निर्माताओं, विद्वानों, शोधकर्ताओं, बंदरगाह, शिपिंग, लॉजिस्टिक्स, बैग निर्माण, स्वच्छता सेवाएं, प्रयोगशालाएं, परीक्षण उपकरण, प्रमाणन और सर्वेक्षण एजेंसियाँ, बैंकिंग और वित्त, बीमा और संबंधित उद्योग के अन्य हितधारकों ने भाग लिया। चर्चा के लिए प्रमुख विषयों में गैर बासमती चावल की उत्पादकता और विविधता, समुद्री माल ढुलाई में चुनौतियाँ और नवाचार, बंदरगाह स्तर की चुनौतियाँ, समुद्री रेल सम्पर्क को बढ़ाना, सरकारी नीतियाँ और आगे का रास्ता, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियों से निपटना, गोदाम और लॉजिकटिक्स में प्रगति, वैश्विक गैर बासमती चावल की मांग के रुझान और भारत की रणनीतिक भूमि का, जीएसटी/ आरओडीटीईपी/ ब्याज सब्सिडी का प्रभाव, बैंकिंग सेवाओं में हालिया प्रगति, व्यापार जोखिम शमन बीमा समाधान और गैर बासमती चावल के लिए वैश्विक बाजार प्रक्षेपण शामिल थे।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री पियूष गोयल, माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, भारत सरकार ने आयोजन के लिए आयोजकों का धन्यवाद किया और कहा कि यह आयोजन कुछ समय में हुआ है जब चावल के मुक्त निर्यात पर लगी पाबंदियाँ हटाई गई है, खरीझ झसल की अच्छी उम्मीदें हैं, और वैश्विक मांग में वृद्धि हो रही है। माननीय मंत्री ने उद्योग को विकास पर ध्यान केन्द्रित करने का आग्रह किया और गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकारी और अद्यौगिक परामर्शात्मक और सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्य से चावल के निर्यात पर मंडी कर को शून्य स्तर तक घटाने की घोषणा की और निर्यातकों को आश्वासन दिया की राज्य सरकार निर्यात को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों का पालन करती रहेगी। कृषि और कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम ने मंडी कर को शून्य करने की शीघ्र क्रियान्वयन प्रक्रिया पर बल दिया।

एपीईडीए के अध्यक्ष श्री अभिषेक देव, आईएएस ने देश भर में ऐसे और आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया और उद्योग को एपीईडीए के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने ब्रांड प्रमोशन प्रयासों और गैर बासमती चावल की मूल्यवर्धन की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

10 जनवरी 2025 को उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, आईएएस ने छत्तीसगढ़ के चावल निर्यातकों की प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के समर्थन को आश्वासन दिया। वाणिज्य और उद्योग सचिव श्री रजत कुमार, आईएएस ने उद्योग को राज्य सरकार की नई उद्योग अनुकूल नीति का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। सम्मेलन में भारत और विदेश के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। टीआरईसीजी के अध्यक्ष श्री मुकेश जैन सभी प्रतिभागियों और वक्ताओं का धन्यवाद किया और आयोजन के समर्थन के लिए सभी संगठनों और प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354